

# दैनिक पुष्पांजली टुडे



MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 195 | ग्वालियर शनिवार, 06 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो जवान शहीद हो गए. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जम्मू जोन, मुकेश सिंह बताया कि मुठभेड़ में एक अधिकारी समेत 4 जवान घायल हुए हैं. मुठभेड़ जिले के कंडी वन क्षेत्र में शुरू हुई थी. राजौरी में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है. सेना की उत्तरी कमान के हवाले से बताया कि ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने एक ब्लास्ट किया जिसमें दो जवान मारे गए जबकि चार घायल हो गए. घायलों में एक अधिकारी है. भारतीय सेना के उत्तरी कमान ने एक बयान जारी कर घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि आतंकवादियों को भी मुठभेड़ में भारी नुकसान उठाना पड़ा है. ऑपरेशन के लिए इस इलाके में अतरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है. मुठभेड़ अभी भी जारी है. सेना की उत्तरी कमान के प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भाटा धूरियन के तोता गली इलाके में सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर हमला करने में शामिल आतंकवादियों के एक समूह को खदेड़ने के लिए सेना



की टुकड़ी लगातार खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चला रही है. 3 मई 2023 को राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की एक विशेष सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था. अधिकारियों ने कहा, आज लगभग 7.30 बजे, एक सर्च टीम को एक गुफा में घुसे आतंकवादियों के एक समूह के बारे में पता चला था. यह क्षेत्र चट्टानी और खड़ी चट्टानों से घिरा हुआ है. जब सुरक्षाबल वहां पहुंचे तो आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में विस्फोट किया. इसमें दो जवान हताहत हुए जबकि एक अधिकारी समेत 4 घायल हो गए. बयान के अनुसार आसपास से अतिरिक्त टीमों को घटनास्थल की तरफ भेजा गया है. घायल कर्मियों को उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया है. प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा है. आतंकियों के भी हताहत होने की संभावना है. अभियान जारी है और हताहतों की स्थितियों के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है.

## न्यूज ट्रैक

### 68 जजों के प्रमोशन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** गुजरात में 68 न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती देने वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है. प्रमोशन की लिस्ट में गुजरात के जज हरीश हसमुखभाई वर्मा का नाम भी है, जिन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में सजा सुनाई थी. इस सजा के बाद राहुल गांधी को सांसदी गंवानी पड़ी थी. याचिका पर जस्टिस एमआर शाह की बेंच में 8 मई को सुनवाई होगी. गुजरात के इन 68 जजों को 65 प्रतिशत कोटा सिस्टम के तहत पदोन्नति दी गई थी. इन प्रमोशन को दो सीनियर न्यायिक अधिकारियों (सीनियर सिविल जज कैडर के रविकुमार मेहता और सचिन प्रतापराय मेहता) ने चुनौती दी है. सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी की गई प्रमोशन लिस्ट और राज्य सरकार से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना को रद्द करने की मांग की गई है. इसके अलावा, याचिका में यह भी मांग की गई कि गुजरात हाई कोर्ट न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए योग्यता और वरिष्ठता की एक नई सूची जारी करे. जिन न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन को चुनौती दी गई है, उनमें राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज का भी नाम है. राहुल गांधी को मोदी सरनेम वाले बयान के मामले में सूरत के सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराया था. राहुल गांधी के मामले की सुनवाई हरीश मनसुखभाई वर्मा ने की थी. हरीश वर्मा सूरत सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट यानी सीजेएम के रूप में नियुक्त हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 43 वर्षीय जस्टिस वर्मा के पास 10 सालों का न्यायिक सेवा का अनुभव है. वह वडोदरा के रहने वाले हैं और उन्होंने महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की है. लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने न्यायिक सेवा की परीक्षा दी और 2008 में न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाए गए. गुजरात हाईकोर्ट के आदेश पर सूरत सेशन कोर्ट में सीजेएम के तौर पर उन्होंने राहुल गांधी के मामले की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की थी और फैसला सुनाया था.

### मेघालय में डावकी भूमि बंदरगाह का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में डावकी भूमि में पोर्ट का उद्घाटन किया. ये उद्घाटन मेघालय के उपमुख्यमंत्री स्नियावभालांग धर की मौजूदगी में किया गया. नित्यानंद राय ने कहा कि ये भूमि बंदरगाह से पर्यटन और व्यापार क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. नित्यानंद राय ने कहा कि यह पोर्ट दोनों देशों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इसमें अच्छा बुनियादी ढांचा है. साथ ही इसमें कैंटीन, पर्यटकों के लिए कार्गो और पॉवर सब स्टेशन जैसी कई सुविधाएं हैं. इसका उद्देश्य सभी एजेंसियों और हितधारकों को एक ही छत के नीचे लाना है. डावकी भूमि बंदरगाह मेघालय में पश्चिम जयंतिया हिल्स में स्थित है. यह 'जोवाई' से 55 किलोमीटर और मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग 84 किलोमीटर दूर है. बांग्लादेश में संबंधित भूमि बंदरगाह 'तमाबिल' है, जो सिलहट जिले में स्थित है. डावकी भूमि बंदरगाह भारत और बांग्लादेश के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार और परिवहन केंद्र के रूप में काम करेगा. साथ ही सीमा पार से लोगों, समान और वाहनों के आने जाने की सुविधा प्रदान करेगा. साथ ही यह सीमा पार यात्रियों की आवाजाही को भी सुविधाजनक बनाएगा. राय ने कहा भारत के सहयोग से बांग्लादेश प्रगति के पथ पर है. समय के साथ संबंध और मजबूत हुए हैं.यह संपर्क स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के साथ-साथ गति शक्ति को आगे बढ़ाने में मदद करेगा. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब से मैं यहां आया, तभी से मैं डावकी के आकर्षण को निहार रहा हूं. यहां के नजारे, पहाड़ियां, पेड़ और हर चीज जिसे मैं देखता हूं, मुझे उसमें सिर्फ खूबसूरती नजर आती है. यह बहुत सुंदर है. क्षेत्र में विकास के लिए राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की. उन्होंने कहा कि भारत सरकार मेघालय को एक मजबूत राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है.

### उद्धव ठाकरे के बारे में गलत जानकारी देती है शरद पवार की आत्मकथा

**नई दिल्ली।** शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने एनसीपी सुप्रीमो की आत्मकथा में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम की आलोचना को गलत जानकारी बताया है. संजय राउत ने दावा किया कि किताबें दो दिन पढ़ी जाती हैं और इसके बाद लाइब्रेरी में रख दी जाती हैं. शिवसेना नेता ने गुरुवार (4 मई) को कहा कि उद्धव ठाकरे जल्द ही किताब में अपने बारे में लिखी गई चीजों के बारे में जवाब देंगे. शरद पवार की आत्मकथा लोक माझे सांगाती के नए संस्करण में 2015 के बाद की सियासी घटनाओं को भी जोड़ा गया है. इस आत्मकथा में शरद पवार ने लिखा है कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे का सिर्फ दो बार मंत्रालय जाना हमें ज्यादा रास नहीं आया. बाला साहब ठाकरे के साथ बातचीत के दौरान जो सहजता रहती थी, वैसी सहजता उद्धव के साथ बातचीत के दौरान नहीं थी. संजय राउत ने कहा कि ये गलत जानकारी है. वह (उद्धव ठाकरे) लगातार ऑफिस जा रहे थे. कोरोना महामारी के दौरान उनके मंत्रालय जाने के दौरों में कमी आई थी, क्योंकि केंद्र सरकार ने घर से ही काम करने के निर्देश जारी किए थे. उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम का बचाव करते हुए ये भी कहा कि महामारी के दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और अन्य मुख्यमंत्री भी ऑफिस नहीं जा रहे थे.

## शिवसेना के बाद एनसीपी में मचा बवाल

**नई दिल्ली।** चुनाव नतीजों के बाद फडणवीस-अजित पवार शपथ कांड फिर एमवीए का गठबंधन, फिर शिवसेना में बगावत और उद्धव सरकार का गिरना और अब एनसीपी में घमासान... महाराष्ट्र की राजनीति पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगातार हलचल जारी है. राजनीतिक घटनाक्रम इतनी तेजी से बदल रहा है कि किसी भी चुनावी पंडित के लिए सटीक भविष्यवाणी करना मुमकिन नहीं है. हालांकि इस पूरे सियासी ड्रामे को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, कहा जा रहा है कि पर्दे के पीछे से ये पूरा खेल चल रहा है. पहले शिवसेना और अब एनसीपी में मचे घमासान के पीछे किसका खेल है आइए समझते हैं.



सबसे पहले बात मौजूदा विवाद की करते हैं. एनसीपी में पिछले कई दिनों से लगातार घमासान जारी था, कयास लग रहे थे कि अजित पवार एक बार फिर पलटी मारने वाले हैं, जिसके लिए पार्टी विधायकों को मनाने की तैयारी चल रही है. इसी बीच शरद पवार ने बड़ा राजनीतिक दांव चला और इस्तीफे का ऐलान कर दिया. उन्होंने कहा कि उनकी जगह अब कोई दूसरा एनसीपी अध्यक्ष का पद संभालेगा. इसके लिए 16 सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई, जिसमें अजित पवार, सुप्रिया सुले और बाकी तमाम बड़े नेता शामिल थे. अब इस कमेटी ने एकमत से शरद पवार का इस्तीफा नामंजूर किया है और कहा है कि वही एनसीपी के अध्यक्ष रहेंगे. अब महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले चार सालों से चल रहे खेल की बात करते हैं. इस पूरे खेल को समझने के लिए हमें कुछ साल पीछे जाना होगा. दरअसल 2019 में चुनाव नतीजों के ठीक बाद शिवसेना ने बीजेपी के साथ हाथ मिलाने से इनकार कर दिया. ऐसे में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद बीजेपी अकेली खड़ी थी. बीजेपी के पास शिवसेना के बाद एनसीपी दूसरा विकल्प थी, लेकिन शरद पवार को मनाना आसान नहीं था. इसी बीच एनसीपी में अचानक बगावत की खबर सामने आई, शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बीजेपी के साथ मिलकर पूरा पासा ही पलट दिया. सुबह करीब 6 बजे देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार चुपके से राजभवन पहुंचे और दोनों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली.

## दिल्ली के अस्पताल में दांत तोड़कर महिला का किया रेप

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस चाहे कितना भी दावा क्यों न कर ले, लेकिन सच यह है कि महिलाएं देश की राजधानी में आज भी सुरक्षित नहीं हैं. दिल्ली में हैवानों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वो जब चाहे आपराधिक वारदातों को अंजाम देने से बाज नहीं आते. ताजा मामला दिल्ली के जीबी पंत अस्तपाल में रेप की घटना से जुड़ा है. इस मामले में एक महिला कर्मचारी से उसके परिचित युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार कर रेप किया. इससे पहले युवक ने महिला पर जानलेवा हमला बोल कर उसके दांत तोड़ दिए और बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया. युवक पर आरोप है कि उसने पहले महिला के सिर पर किसी वजनदार वस्तु से हमला बोलकर उसके दांत तोड़ दिए. युवक के इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. आरोपी ने अचेत अवस्था में महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.

## अनुराग ठाकुर ने जमकर की सीएम योगी की तारीफ

**नई दिल्ली।** खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश पहले दंगों के लिए जाना जाता था लेकिन अब खेलों के दंगल के लिए जाना जाता है. लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल के तीसरे सत्र के लोगो, शुभंकर, जर्सी, गीत और मशाल लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा, उत्तर प्रदेश पहले जो दंगों के लिए जाना जाता था,



अब खेलों के दंगल के लिए जाना जाता है. यहां 25 मई से तीन जून तक चार शहरों में होने वाले इन खेलों में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4700 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री ने किया था, यह खिलाड़ियों को सिर्फ तलाशता ही नहीं है बल्कि तराशता भी है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में खेलो इंडिया का केंद्र बनेगा. ठाकुर ने कहा कि कुछ दिन पहले ही खेलो इंडिया के पांच साल पूरे हुए हैं और यह बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ा है. उन्होंने कहा, खिलाड़ियों ने देश के लिए पदक जीतने का भी काम किया है और आज मैं यह कह सकता हूं कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा सबसे बड़ा आयोजन उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है. जिस तरह से यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेलों को बढ़ावा देने का काम किया है और अब खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी उत्तर प्रदेश को मिली है. अनुराग ठाकुर ने कहा, मैं कह सकता हूं कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के किसी भी कोने में भारत पदक जीता करेगा तो उत्तर प्रदेश का उसमें बहुत बड़ा योगदान होगा. केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के लिए 3200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है ताकि खिलाड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो और ओलंपिक में पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर आगे बढ़ा सकें.

## सादा समारोह में कांग्रेस की सदस्यता लेंगे दीपक जोशी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और आठ बार के विधायक और सांसद रहे स्व. कैलाश जोशी के बेटे पूर्व मंत्री दीपक जोशी 6 मई को कांग्रेस की सदस्यता ले लेंगे. खास बात यह है कि पूर्व मंत्री दीपक जोशी सादा समारोह में कांग्रेस की सदस्यता लेने जा रहे हैं. वे अपने साथ न ही गाड़ियों का काफिला रखेंगे और न ही वे शक्ति प्रदर्शन दिखाएंगे. बता दें, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के कहने पर पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता से मुलाकात की. दोनों ही नेताओं ने सदस्यता कार्यक्रम की रूपरेखा पर बात की. इस दौरान दीपक जोशी ने कहा कि सादगी के साथ प्रवेश कराएं. 6 मई को सदस्यता लेने से पहले दीपक जोशी पूर्व सीएम कमलनाथ के निवास पर पहुंचेंगे. इसके बाद प्रदेश कार्यालय जाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे. बता दें, मध्य प्रदेश की राजनीति के संत कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी के बेटे हैं दीपक जोशी. दीपक जोशी बीजेपी की ओर से विधायक रहे, जबकि एमपी सरकार में शिक्षा मंत्री के पद का भी उन्होंने दायित्व संभाला हैं. हालांकि, साल 2018 के विधानसभा चुनाव में दीपक जोशी कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी से चुनाव हार गए थे. दीपक जोशी का दर्द है कि भारतीय जनता पार्टी में उनकी लगातार अनदेखी हो रही है, इसलिए वे कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं. पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने कहा था कि मेरे कांग्रेस में जाने को लेकर मेरे क्षेत्र बागली की जनता ही निर्णय लेगी. दीपक जोशी ने अपने समर्थकों से रायमवरा किया, इसके बाद बाद ही वे कांगेस का दामन थामने जा रहे हैं.

## बृजभूषण शरण सिंह सपा में होंगे शामिल? अखिलेश यादव और शिवपाल के इस दांव ने बढ़ाई हलचल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पहलवानों का कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन जारी है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है. तमाम निगाहें बृजभूषण पर टिकी हुई हैं कि वह अपने बचाव में आखिर क्या करेंगे। सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला करती है तो वह समाजवादी पार्टी के साथ जा सकते हैं.

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अभी तक इस पूरे मामले में पहलवानों के पक्ष में कोई बयान नहीं दिया है और न ही खुलकर कुश्ती संघ अध्यक्ष की आलोचना की है. बीते दिनों बृजभूषण सिंह भी इस कारण अखिलेश की सराहना कर चुके हैं. इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह सपा में शामिल हो सकते हैं. उन्होंने कहा, अखिलेश जी सच जानते हैं. मुझे राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है. मेरे खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का सामाजिक दायरा किसी से छिपा नहीं है.÷ समाजवादी पार्टी के प्रवक्ताओं को भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे टीवी चैनलों पर बृजभूषण के समर्थन या खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करें. सूत्र बताते हैं कि



बीजेपी भी इस मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से बच रही है, क्योंकि पार्टी नहीं चाहती कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में उसका प्रभुत्व कम हो, खासकर उन जगहों पर जहां सिंह आबादी का दबदबा ज्यादा है. पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता के अनुसार, लोकसभा चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है. बृजभूषण सिंह का करीब 6 से 7 सीटों पर बड़ा प्रभाव है, इसलिए पार्टी ने इस पूरे मामले पर नजर बना रखी है. हमें उम्मीद है कि यह पूरा मामला जल्द से जल्द समाप्त हो जाएगा. अगर बृजभूषण सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल होने की सोचते हैं तो सपा उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए तैयार है. दरअसल, राजा भैया के साथ रिश्ते खराब होने के कारण पार्टी के पास कोई ऐसा दमदार ठाकुर नेता नहीं है, जिसका सीधा प्रभाव जनता पर पड़ता हो और जो ठाकुरों की वोट को सपा की तरफ खींच सके. एक समय यूपीए के पक्ष में वोटिंग करने के कारण बृजभूषण सिंह को बीजेपी ने पार्टी से निकाल दिया था, जिसके बाद वह साल 2008 में समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे. साल 2013 में वह एक बार फिर बीजेपी में वापस लौट आए.

## कर्नाटक में स्मृति ईरानी ने पढ़ी हनुमान चालीसा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार पर केंद्रीय मंत्री जमकर बरसीं. उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अल्पसंख्यक मंत्री रहमान खान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने हनुमान चालिसा का भी पाठ कया. स्मृति ईरानी ने अपने संबोधन के दौरान कहा, पीएम पर कुछ दिनों से नहीं, बल्कि जब से वो प्रधान सेवक बने हैं तब से उन पर हमले हो रहे हैं. रहमान खान के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, रहमान खान यही वो व्यक्ति है जिसने कहा था कि सभी मुसलमानों को एक हो जाना चाहिए ताकि लिंगायत मुख्यमंत्री को हराया जा सके. केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, ये रहमान खान नहीं जो बोल रहे हैं दरअसल ये कांग्रेस है, कांग्रेस की यही सोच है. उन्होंने कहा, देश को ये देखना चाहिए कि गांधी खानदान के इशारे पर कांग्रेस की क्या सोच है. ईरानी ने दावा किया है, रहमान खान गांधी खानदान के इशारे पर ये बोल रहा है. रहमान खान के आरक्षण बढ़ाने वाले बयान पर स्मृति ईरानी ने कहा, ये किसके इशारे पर बोला जा रहा है। क्या ये श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी या फिर श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के इशारे पर किया जा रहा है. उन्होंने कहा, जब उनकी सरकार आएगी तो आरक्षण बढ़ा देंगे.

### अखिलेश यादव को झटका या फायदा

## बीजेपी के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं चाचा शिवपाल

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए प्रचार अभियान पूरे जोर शोर से चल रहा है. समाजवादी पार्टी के लिए शिवपाल सिंह यादव ने एक बड़ा दावा कर दिया है. उन्होंने ये दावा बीजेपी के राज्यसभा सांसद का नाम लेते हुए किया है. जिसके बाद राज्य में सियासी पारा हाई होने की संभावना है. सपा के राष्टीय महासचिव ने कहा, मैं भी बीजेपी को अच्छी तरह समझ चुका हूं. उनके सभी बड़े से बड़े नेताओं के संपर्क में रहा हूं.÷ बीजेपी की राज्यसभा सांसद गीता शाक्य को लेकर सपा नेता से जब सवाल हुआ तो उन्होंने कहा, गीता शाक्य पहले सपा में रह चुकी हैं. लेकिन जब से बीजेपी में गई हैं झूठ पर झूठ बोलती जा रही है. पता नहीं बीजेपी में कौन सी झूठ बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है. बीजेपी में सिर्फ नफरत है. सपा नेता ने आगे कहा, नफरत के वजह से ही हमारे पुराने साथी सुनील बीजेपी छोड़ सपा में शामिल हुए हैं. दरअसल, शिवपाल यादव अभी निकाय चुनाव



को लेकर इटावा पर पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं. सूत्रों की मानें तो शिवपाल यादव के करीबी नेताओं ने इटावा में पार्टी के लिए चुनौती खड़ी कर दी है. यहां शिवपाल यादव के करीबी नेता को बीएसपी ने टिकट दिया है, जिसके बाद सपा नेता ने खुद मोर्चा संभाल लिया है. हालांकि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जाकर प्रचार कर रहे हैं. जबकि रामगोपाल यादव, डिंपला यादव और धर्मेंद्र यादव भी प्रचार कर रहे हैं. बता दें कि राज्य में गुरुवार को नौ मंडल के 37 जिलों में वोटिंग हुई है. पहले चरण में 52 फीसदी वोटिंग हुई है. अब राज्य में दूसरे चरण के लिए 11 मई को वोटिंग होगी. इसके बाद 13 मई को वोटों गिनती होगी और नतीजे घोषित किए जाएंगे.

# 11 मई को पिछोर में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने ली जिला अधिकारियों की बैठक

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

शिवपुरी। जिले के पिछोर तहसील में 11 मई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संभावित कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियों के संबंध में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक पिछोर रन्नौद रोड पर स्थित नवीन एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था से लेकर पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कराएं। वही बाहर से आने वाले मुख्य मार्गो पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करें, सड़क से अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने नगर परिषद सीएमओ राघवेंद्र पालिया को निर्देश देते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। इस दिशा में एक टीम बनाकर कार्य करें। जो प्रतिदिन क्षेत्र निर्धारित कर अभी से साफ सफाई में लगे। पिछोर को स्वच्छ नगरपालिका के रूप में पहचान दिलाएं। मौके पर एंबुलेंस फायर ब्रिगेड की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त रखें।



सभी विभाग खासकर शिक्षा, जनपद, स्वास्थ्य सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत का निपटारा करें। इस मौके पर पुलिस नगर निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम स्थल पार्किंग मार्ग के नक्शे को दिखाते हुए कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और एसपी रघुवंश सिंह को जानकारी दी। अभी जन सेवा अभियान का द्वितीय चरण भी शुरू होने जा रहा है। लोगों समस्याओं का शीघ्र से शीघ्र निराकरण करें। वही पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करें। बैठक में एडीएम विवेक रघुवंशी, संयुक्त कलेक्टर राजीव समाधिया, पिछोर एसडीएम अरविंद शाह, सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, आरपी गोरसिया, सीएमओ खनियाधाना सतीश दुबे, एसडीओपी प्रशांत शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कलेक्टर ने किया छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण**–कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर शासकीय छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया।छत्रसाल स्टेडियम में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके उपरांत खनियाधाना रोड पर स्थित हेलीपैड का सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया।

# बीस बरस बाद राहत के पल, छुटी पांव की रस्सी, अब होगा उपचार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। बीस वर्षो से रस्सी में बंधी जिंदगी, राष्टपति के दत्तक पुत्र भुंजिया परिवार की दयनीय दशा, बुधवार 3 मई को प्रसारित हमारी इस खबर पर जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया है। अब लगता है कि कोपेकसा पंचायत अंतर्गत सुखरी डबरी के महेश की जिंदगी में राहत के कुछ पल आयेंगे। आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा महेश को उसके परिजनों के साथ जिला अस्पताल उपचार के लिये लाया गया है। विदित हो जिले के कोपेकसा पंचायत के आश्रित गांव सुखरी डबरी के महेश नेताम को पिछले बीस वर्षो से रस्सी में बांधकर रखा गया था। पिछले कई वर्षो से विशेष पिछ?ी अनुसूचित जनजाति के भुंजिया समुदाय के गरीब परिजन उसका समुचित इलाज कराने में असमर्थ थे। माना जा रहा था कि महेश मानसिक रोगी है। किन्तु आज जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने महेश की प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि महेश मानसिक रोगी नही है। बल्कि उसके दिमाग का पूरा विकास नही हो पाया है। डॉ राजेन्द्र बिनकर तथा बीएमओ डॉ बी बारा ने इस प्रतिनिधि को बताया कि महेश का सिर सामान्य व्यक्तियों की अपेक्षा छोटा है जिसकी वजह से उसका मानसिक विकास ठीक ढंग से नही पाया। इसके अलावा बचपन से उसे मिर्गी के झटके आते हैं।




**माँ की भी जांच**–हमने अपनी खबर में महेश की माँ अघनी बाई के स्वास्थ्य के सम्बंध में भी लिखा था। डॉ बिनकर ने आज अघनी बाई की भी जांच की, और उसके उचित इलाज का भी आश्वसन दिया है।

## समर्थन मूल्य पर क्रय की गई कृषि उपज का भण्डारण में हो रही है, अनियमितताः डॉ. गोविंद सिंह डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि प्रदेश में गेहूं, सरसों व अन्य फसलों का सरकारी स्तर पर उपार्जन किया जा रहा है और उपार्जित खाद्यान्न सोसायटी से 50 - 60 किमी. दूर प्रायवेट गोदाम में भेजा जा रहा है, जबकि शासकीय गोदाम खाली पड़े हैं । स्थानीय स्तर पर शासकीय गोदामों में पहले भण्डारण किया जाना था, उसके बाद निजी गोदामों में भण्डारण किया जाना था। परन्तु विभागीय अधिकारियों द्वारा निजी गोदाम संचालकों के साथ मिलीभगत कर कमीशन के लालच में निजी गोदामों में भण्डारण किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर गोदाम उपलब्ध होने के बावजूद लम्बी दूरी पर स्थित निजी गोदामों में खाद्यान्न का भण्डारण किया जाकर परिवहन के नाम पर अच्छे - खासे कमीशन का खेल खेला जा रहा है । डॉ. सिंह ने कहा कि उन्हें भिण्ड जिले के कई लोगों ने बताया है, कि गोहद में तुके?ा व खनेता सोसायटी पर खरीदा गया गेहूं 10 किमी. दूर गोहद के गोदामों में न भेजकर 50 किमी. दूर भिण्ड के प्रायवेट गोदामों में भेजा जा रहा है। इसी तरह लहार क्षेत्र की अचलपुरा सोसायटी पर खरीदा गया खाद्यान्न मात्र 7 किमी. दूर लहार के गोदामों में न भेजकर 50 किमी. दूर मो के प्रायवेट गोदामों में भेजा जा रहा है यह सब ट्रांसपोर्टर को लंबी दूरी तक माल पहुंचाने का लाभ देने एवं लंबी दूरी पर बने प्रायवेट गोदामों के मालिक से जिला प्रबंधक की मिलीभगत के कारण हो रहा है। लंबी दूरी पर खाद्यान्न भेजकर ट्रांसपोर्टरों को तो लाभ पहुंचाया ही जा रहा है। साथ ही वित्तीय अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई जा रही हैं। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है,कि खरीदी केन्द्र से सबसे नजदीक बने सरकारी व निजी गोदामों पर खाद्यान्न भेजने हेतु निर्देशित करें तथा इस अनियमितता में लिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही, पुलिस थाना बदरवास ने पकड़ी अवैध अंग्रेजी शराब 450 क्वार्टर कीमती 29192 रुपये की

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले में सट्टा, शराब माफिया, अवैध मादक पदार्थ, भूमफिया के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे तथा अवैध शराब के खिलाफ जीरो टोलेंस अपनाने के निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया तथा एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 4/05/2023 की शाम को थाना बदरवास पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नैनागिर चकवारा मे एक व्यक्ति अवैध रुप से अंग्रेजी शराब बैच रहा है । उक्त सूचना पर से दबिस दी गई तो एक व्यक्ति ग्राम चकवारा मे बने टपरे के सामने अंग्रेजी शराब बैचता दिखा जिसे घेर कर पकडा व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्याम बारेला पुत्र कूकन बारेला उम्र 19 साल निवासी ग्राम चकवारा थाना बदरवास का होना बताया जिसके कब्जे से मौके पर 9 पेटी शराब मिली जिसमे मे से एक पेटी राजस्थान की अंग्रेजी व्हाईट लेश बोदका कम्पनी की ,06 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब, एक पेटी देशी मदिरा मसाला , एक पेटी गोल्ड केन बियर की पाई गई कुल 450 क्वार्टर मात्रा कुल 80.400 बल्क लीटर कीमती 29192 रुपये की पाई गई । आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से आरोपी से उक्त शराब की पेटिया जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । अपराध क्र.156/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । आरोपी से अवैध शराब के सबंध मे पूछताछ की जा रही है ।



**इनकी रही भूमिका**– निरीक्षक सुरेश शर्मा सउनि सतेन्द्रसिह भदौरिया, सउनि राकेश शिवहरे, आर0 1073 अनुप शर्मा, आर.643 शैतानसिंह, आर.846 महेश पटेलिया, आर. 810 निर्मल बारेला, आर चालक 940 दीनू रघुवंशी, आर 999 राजू पटेलिया सैनिक 21 बैदप्रकाश ।

## बोलेरो की टक्कर से 5 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**–खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनियर टोल टैक्स पर एक बोलेरो ने गाड़ी बैक करते समय एक बच्चे को कुचल दिया है जिसके चलते उस बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई ।बताया गया मनियर टोलटैक्स के पास निवासरत राजू शिवहरे का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था बोलेरो गाड़ी वाले ड्राइवर ने बिना देखे गाड़ी को बैक कर दिया और बच्चा गाड़ी के नीचे आ गया जिस पर पास मैं बैठी महिलाओ ने आवाज लगाई तो बोलेरो ड्राइवर ने घवराते हुए गाड़ी को दुबारा आगे लिया फिर दुबारा पीछे किया तो बोलेरो गाड़ी बच्चे के सिर पर चढ़गया जिससे बच्चे की मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया।

# जातिसूचक अभद्र टिप्पणी के विरोध में बैराड़ सेन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी।खबर शिवपुरी जिले की तहसील बैराड़ से है जंहा बैराड़ में सेन समाज के लोगों ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा सेन समाज के लोगों द्वारा मीडिया को जानकारी देते हुऐ बताया कि सोशल मीडिया पर कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी का वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग से संज्ञान में आया है कि कोलारस विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा अन्य भाजपा कार्यकर्ता से व्यक्तिगत वार्तालाप कर रहे है किंतु व्यक्ति वार्तालाप के बीच उन्होंने सेन समाज की भावनाओं को आहत करते हुए असंवैधानिक रूप से जातिगत द्वेष की भावना से अमर्यादित और अपमान जनक शब्द ÷दो कोड़ी का नौआ÷ कहकर भारतीय लोकतंत्र में एकता, अखंडता और भाईचारे को खंडित करते हुए तानाशाह जनप्रतिनिधि होने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिससे सेन समाज के समाजसेवकों, युवाओं और प्रबद्धजनो में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। सेन समाज घटना की घोर निन्दा करता है। सेन समाज सामाजिक न्याय के सूत्रधार जनायक कर्पूरी ठाकुर जी के आदर्शो पर चलते हुए अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से करते हुए समाज के सभी वर्गो के साथ समाजस्य स्थापित कर शांति पूर्वक अपना कार्य करता है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो और सीघ्र जांच कर न्यायिक कार्यवाही की मांग तहसील कार्यालय बैराड़ को माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन देकर की और कहा यदि मांग नहीं मानी गई तो सेन समाज जन आंदोलन करेगा ज्ञापन के दौरान दिनेश सेन अमरजीत सेन महेंद्रसेन नंदूसेन केशव सेन राजेश सेन गिर्राजसेन धर्मेंद्रसेन आकाशसेन गिर्राजसेन संतोष सेन सुनीलसेन हाकिम सेन लल्लू सेन गोलू सेन संजय सेन दिलीप सेन सतीशसेन मुकेशसेन नरेंद्रसेन राकेशसेन एवं अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।



## शिवपुरी पुलिस की गुमसुदा एवं अपहृत नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी की कार्यवाही, पुलिस कन्ट्रोल रुम की सूचना पर तुरत कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना अमोला द्वारा झांसी के अपहृत बालक को बस से किया दस्तयाब

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अपहृत, गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु तुरत कार्यवाही कर दस्तयावी करने के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना अमोला द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी की सूचना पर से झांसी पुलिस कोतवाली से अपराध मे अपहृता नाबालिक बालक को हाईवे पर चैकिंग लगाकर दस्तयाब करने मे सफलता हांसिल की है । आज दिनांक 05.05.2023 को पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी से पुलिस थाना अमोला को सूचित किया गया कि थाना कोतवाली जिला झांसी (उ.प्र.) के अपराध क्रमांक 180/23 धारा 363 ता.हि. के अपहृत बालक सागर पुत्र देवेन्द्र मालवीय (कोली) उम्र 16 साल निवासी बड़ागांव गेट बाहर पलक पैलेस के पास देवबिहार कालोनी झांसी उ.प्र. के झांसी से शिवपुरी तरफ जाने बाली बस मे होने की सूचना मिली है । उक्त सूचना पर से तुरत कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव अपनी पुलिस टीम के साथ सिरसौद चौराहा थाना अमोला पर शिवपुरी-झांसी हाईवे पर आने जाने बाली बसों की चैकिंग लगाकर चैक किया गया, चैकिंग के दौरान बस क्रमांक 9898 मे अपहृत बालक सागर मालवीय को को दस्तयाब किया गया । इसके बाद पुलिस थाना अमोला द्वारा कोतवाली झांसी को सूचित किया गया, पुलिस थाना कोतवाली झांसी के उ0नि0 प्रदीप शर्मा हमराही आर0 1364 राजकुमार मय बाहन के थाना कोतवाली जनपद झांसी से थाना हाजा पर सुरागरसी के उपस्थित आये अपहृत बालक सागर कोली को उसके परिजन चाच द्वारिका प्रसाद,मामा अरविन्द कुमार के समक्ष सुपुर्द किया गया । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव , सउनि. हरीश सोंलकी, सउनि.वासुदेव प्रसाद, सउनि.विवेक भट्ट, प्र.आर. प्रहलाद यादव, प्र0आर0 हरदयाल जोशी, आर. संदीप राठौर, आर. नीतेन्द्र सिंह, आर. प्रमोद कुशवाह, आर शिवम यादव, सैनिक जीतेन्द्र कलावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# आम आदमी पार्टी के रूप मैं मध्यप्रदेश की जनता को मिला नया विकल्पः रानी अग्रवाल

## आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल शिवपुरी दौरे पर

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल आज शिवपुरी पहुंची जहां उन्होंने भाजपा सहित कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा साथ ही बताया कि आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल सहित प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि गुप्ता, प्रदेश सचिव रोहित गुप्ता, लोकसभा सह-सचिव वीरेंद्र रावत सहित अन्य प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का स्वागत किया।


इस मौके पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने भाजपा सहित कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तथा चुनाव की रणनीति के बारे में भी चर्चा की उन्होंने बताया कि इस बार जनता को आम आदमी पार्टी के नाम का नया विकल्प मिल चुका है आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार बनाकर दिल्ली के विकास की इबारत लिख रही है साथ ही अब पंजाब की जनता ने भी आम आदमी पार्टी को बेहतर मानते हुए विकल्प के रूप में चुना आज पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी से खुश है मध्यप्रदेश में पर भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए मध्य प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी के रूप में सुनेगी मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क एवं युवाओं को रोजगार के मुद्दे पर प्रमुखता से चुनाव लड़ेगी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में हुए भ्रष्टाचार की मिसाल, शिवपुरी के सीवर प्रोजेक्ट और सिंध जलावर्धन योजना को देखकर लगाया जा सकता है जबकि यहां राजा-महाराजाओं का राज है। इसके बावजूद यहां बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ। शिवपुरी में बिजली, पानी, सड़क और खासकर रोजगार के बड़ी परेशानी है। यही हाल मध्यप्रदेश के अक्सर जिलों में भी है। इस बार मध्य प्रदेश की जनता ने आम आदमी पार्टी के नाम का विकल्प चुनकर भ्रष्टाचारियों की सरकार को गिराने का मन बना लिया।



## कांग्रेस कार्यालयों पर सी.आई.एस.एफ. की सुरक्षा उपलब्ध कराई जायेः डॉ. गोविंद सिंह

### नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**



**भोपाल ।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि दिनांक 04/05/2023 को मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में घुसकर उपद्रव किया गया, तोड़फोड़ की गई एवं कर्मचारियों के साथ अभद्रता की जाकर अशांति पैदा की गई इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मध्यप्रदेश की पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की इतनी हिम्मत हो गई है, कि वे कानून की परवाह किए बिना कांग्रेस पार्टी के कार्यालयों को अपना निशाना बना रहे हैं । डॉ सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक राजनैतिक दल के कार्यालय पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सरेआम इस तरह हमला किया जाना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। घटना के विडियो फुटेज देखने से सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी । डॉ. गोविंद सिंह ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक टी.के. विद्यार्थी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं मध्यप्रदेश के जिला कांग्रेस कार्यालयों पर सी.आई.एस.एफ. की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# खरगोन पुलिस को बिंजलवाड़ा पंप हाउस में चोरी करने वाली गैंग को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

चोरी करने वाले देवास जिले के कुल 10 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से विद्युत केबल व कॉपर तार कुल 762 कि.ग्रा. जप्त, जप्त विद्युत केबल व कॉपर कीमती लगभग 6 लाख 50 हजार रुपये, घटना मे प्रयुक्त पिकअप वाहन नं. 3756 जप्त कीमत लगभग 8 लाख रू., आरोपियो से जप्त कुल 10 एंड्रॉयड मोबाईल फोन किमत लगभग 1 लाख रू., सम्पूर्ण कार्यवाही मे पुलिस द्वारा कुल मशरुका कीमत लगभग 15 लाख 50 हजार रुपये का जप्त

**खरगोन।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता जी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री तिलक सिंह जी द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी की घटनाओं की पतारसी एवं अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने के संबंध मे आदेशित किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप थाना भीकनगाँव पुलिस टीम को बिंजलवाड़ा पंप हाउस में चोरी करने वाली इंटर गैंग को गिरफ्तार करने मे मिली बड़ी सफलता।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 30.04.23 को फरियादी इंजिनियर्स लिमिटेड कम्पनी के एच.आर. व्यंकटेश द्वारा थाना भीकनगांव मे रिपोर्ट की गई कि लोहारिया फाल्या ग्राम दोडवा मे स्थित बिंजलवाडा सिंचाई योजना के तहत तैयार हो रहे पम्प हाउस से दो ट्रासफार्मर 250 के.वी. को तोडकर उसका कापर वायर, एक बडा केबल बंडल 100 मी. का, एक छोटा बंडल, ग्लाइंडर ब्राश, कांक्रीट ड्रिल मशीन, डीएसएलवी का कापर एवं अन्य कापर वायर इलेक्ट्रीक सामान मोटर पम्प इत्यादि अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली है । उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 216/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । उक्त घटना शासन की एक बहुमुल्य योजना के तहत तैयार हो रहे पम्प हाउस पर होने पर वरिष्ठ अधिकारियो व्दारा गंभीरता से लिया गया तथा माल मुल्जिम की पतारसी हेतु लगाया गया। पतारसी दौरान जिले के समस्त कबाडियो, संदेहियो से पुछताछ की गई व मुखबिरों को अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु लगया गया । जिसके परिणामस्वरूप विश्वसनीय मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम देलगांव थाना धनगांव जिला खंडवा का रामपाल करीब



20 दिन से बिंजलवाडा पम्प हाउस के आसपास समय बदल बदलकर घूम रहा था हो सकता है रामपाल को उक्त घटना के संबंध मे जानकारी हो। जिस पर पुलिस टीम व्दारा रामपाल को पकडकर सख्ती से पुछताछ करने पर उसके व्दारा पम्प हाउस पर अपने साथियो के साथ चोरी के पुर्व रैकी करना बताया। तथा अपने साथियों को उक्त पम्प हाउस पर रैकी कर वहाँ पर मौजुद कापर वायर, केबल वायर एवं इलेक्ट्रानिक सामान के बारे मे बताया। रामपाल ने पुछताछ मे बताया कि उसका दोस्त हसरत जो देवास मे रहता है, उसको मेने पम्प हाउस के बारे मे बताया तो हसरत ने अपने अन्य साथियो को वहां चोरी करने के लिये भेजने के लिये बताया । दिनांक 29.04.2023 को हसरत ने बताया कि मै अपने साथी लोगो को पम्प हाउस पर चोरी करने के लिये भेज रहा हूँ, तुम उनसे मिल लेना। तब दिनांक 29.04.2023 को ही रात करीब 09.00 बजे बेडिया फाटा पर लालु उर्फ रवि अपने अन्य साथियों के साथ पिकअप वाहन से आड़े। उनके साथ रात करीब 12.00 बजे पम्प हाउस पर पहुँचे। ट्रांसफार्मर तोडकर उसका कापर वायर, बडा केबल वायर, छोटा केबल वायर बंडल, ड्रिल मशीन, पानी की दो मोटर पम्प व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान चोरी कर पिकअप वाहनो मे भरकर चोरी कर लिया था। रामपाल की जानकारी पर आरोपिगण लालु उर्फ रवि, भुरु, जवाई उर्फ जाहिद, सलमान, राहुल, जुबैर, आमीन, राजा को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गये कापर वायर, पिकअप वाहन, जले हुए कापर वायर जप्त किये गये एवं उक्त आरोपियो व्दारा चोरी का कापर वायर खरीदने वाले आरोपी कैफ, मोनु जायसवाल व साजिद को भी गिरफ्तार कर कापर वायर जप्त किया गया। आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिनका पुलिस रिमांड प्राप्त कर इस घटना व जिले की अन्य इस प्रकार की वारदातो के संबंध मे पुछताछ की जावेगी।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1. रामपाल पिता सुखदेव वास्कले जाति भील उम्र 26 साल निवासी डेलगांव थाना धनगांव जिला खंडवा
2. हसरत पिता तय्यैब अली जाति सैय्यत मुसलमान उम्र 36 साल निवासी एकता नगर इटावा देवास
3. साजिद पिता मजीद शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 22 साल निवासी इटावा देवास
4. कैफ पिता इदरीश अंसारी जाति मुसलमान उम्र 20 साल निवासी श्री नगर ककड इंदौर
5. मोनु उर्फ राजेश पिता श्रवण जायसवाल जाति कलाल उम्र 31 साल निवासी इटावा देवास
6. जुबेर पिता मुकद्दर शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 21 साल निवासी पुष्प कुंज कालोनी, इटावा देवास
7. राहुल पिता अम्बाराम परमार जाति चमार उम्र 28 साल निवासी करणाखेडी ककड, देवास
8. शाहिल पिता हैदर शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 20 साल निवासी नीलम होटल के पीछे, इटावा देवास
9. आमीन पिता नासीर शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 20 साल निवासी आर.के. होटल के पीछे, इटावा देवास
10. सलमान पिता जब्बार शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 24 साल नि. ताजपुरा, एम.पी.ई.बी. कालोनी, जि. उज्जैन

**फरार आरोपियो के नाम-** 1. लालु उर्फ रवि पिता देवीलाल फुलेरी निवासी रसलपुरा जिला देवास 2. जवाई उर्फ जाहिद, 3. राजा, 4. भुरु

**पुलिस टीम** -उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री संजु चौहान के मार्गदर्शन परिवीक्षाधीन आईपीएस श्री आनंद कलादगी एवं थाना प्रभारी भीकनगांव निरीक्षक सौरभ बाथम, थाना प्रभारी करही उनि दीपक यादव , सायबर सेल प्रभारी उनि सुदर्शन कुमार, कावा सउनि आबिद शेख, कावा सउनि नंदकिशोर राय, कावा प्र.आर.158 दीपक पाल, कावा प्र.आर.47 हीरालाल, कावा प्र.आर.833 मनोज पटेल, आर.645 धर्मेन्द्र, आर.358 अनिल, आर.251 हरिचन्द्र, आर.896 अरविंद, आर.140 जितेन्द्र रावत, आर.566 आशीष, चालक आर.507 राकेश, चालक आर.905 राहुल पाली, आर 287 अमित पाल, प्रआर 663 मुकेश पटेल, प्रआर 573 मोहन मेडा, प्रआर 382 लोकेश वासकले एवं सायबर सेल से प्रआर 777 आशीष अजनारे, आर. 275 अभिलाष डोगरे, आर 693 सचिन चोंधरी, आर 10 मगन, आर 238 विजयेन्द्र व आर 947 सोनू, का सराहनीय कार्य रहा।





# कर्नाटक को डबल इंजन की जरूरत है :पीपी चौधरी

### विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर मतदान करने का किया आह्वान

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** मागड़ी रोड़ स्थित पटेल समाज भवन में गुरूवार शाम को समस्त प्रवासी राजस्थान समाज की ओर से भवन में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस सामारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पाली जिले के सासंद पी.पी.चौधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पाली जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार चौधरी गोविंद राज विभान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी उमेश शेटी, श्रीधर निवर्तमान पार्षद पति एंव शैलाराम चारण राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा ने भाग लिया ।सभा के पूर्व सासंद पी.पी.चौधरी ने रामदेव प्रार्थना मंदिर में पूजा-अर्चना की गई।इस अवसर पर पटेल समाज भवन में अतिथियों का आयोजकों की ओर से सम्मान किया गया ।पी.पी चौधरी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों एंव विकास कार्य गिनाते हुए डबल झंजन की सरकार बनाने का दावा किया।चौधरी ने कहा कि भाजपा के शासन में प्रवासियों की समस्याओं का निराकरण हुआ और प्रवासियों की बात प्रखर रूप से सुनी गई। इस कार्यक्रम में इन्द्रलाल सीरवी, विजूसिंह राजपुरोहित, पटेल समाज के पूर्व अध्यक्ष नाथूराम पटेल,संरक्षक छोगाराम पटेल,उपाध्यक्ष कलाराम चौधरी, उप कोषाध्यक्ष मांगीलाल पटेल,सलाहकार खीमाराम पटेल मिडिया प्रभारी गणेशराम पटेल, राजेश पारिक, बाबूलाल गुजर, रमेश चावत, सुनील लोढा, घीसुलाल चोयल, भूपेन्द्र बागड़ी, रावणा राजपूत समाज के अध्यक्ष गोविंद सिंह, गोमाराम चौधरी ,गोविंद चौधरी, रामकिशोर पारिक सहित बड़ी संख्या में प्रवासी मौजूद रहे।

# विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

### ऊमरी-पांडरी मार्ग के लिए शासन से मिली स्वीकृति

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क उमरी से पांडरी मार्ग के लिए 28 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति देकर विकास और प्रकृति के लिए कार्य किया है। जिसके लिए विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से



मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। श्री कुशवाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है मैंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से महत्वपूर्ण सड़क के लिए ध्यान आकर्षित कराया था उन्होंने तत्काल अपने संज्ञान में लाकर करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क की स्वीकृति देकर विकास को आगे बढ़ाने का काम किया है। श्री कुशवाह ने कहा कि मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं की विधानसभा क्षेत्र की एक भी सड़क ऐसी नहीं होगी जो ना बनेगी मैं पूर्ण रूप से प्रयास कर रहा हूं की अच्छी से अच्छी सड़कें गुणवत्ता के आधार पर बनाई जाए साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के अंतर्गत आने वाली दोनों को भी शीघ्र शामिल किया जा रहा है ताकि हमारे गांव एक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हमेशा विकास के प्रति संवेदनशील होते हैं और बजट में भी उन्होंने हमारे क्षेत्र को कई योजनाओं से जनता को लाभ दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि उमरी से पांडरी मार्ग से जनता को आने जाने में कठिनाइयां होती थी और अच्छी से अच्छी सड़क बनाकर जनता की सेवा के लिए समर्पित कर दी जाएगी उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होगा और भूमि पूजन भी शीघ्र किया जाएगा।

# अंतिम साधर्मिक तक पहुँचना जीतो का लक्ष्य

### साधर्मिक भक्ति योजना का 23-24 का कामकाज प्रारंभ

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू ÷समाज की शिक्षा, सेवा एवं आर्थिक सुदृढ़ता को प्रतिबद्ध जीतो बैंगलुरु द्वारा कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए



प्रारंभ की गयी साधर्मिक भक्ति योजना अनवरत रूप से गतिमान है। हालांकि योजना के अंतर्गत अभी तक हजारो साधर्मिक परिवारों की सेवा की जा चुकी है फिर भी जीतो बैंगलोर का निरंतर प्रयास है कि कोई भी जरूरतमन्द साधर्मिक वंचित न रह जाये और इसी कड़ी में अंतिम जरूरतमन्द तक पहुच बनाने का लक्ष्य जीतो बेंगलुरु ने निर्धारित किया है। यह बात जीतो बैंगलुरु द्वारा संचालित ÷साधर्मिक भक्ति योजना÷ की बैठक में योजना अध्यक्ष अशोक गजानन ने कही। वर्ष 2023-24 के लिये योजना के निर्धारित कार्यों को शुरू करने के लिये आयोजित बैठक में जीतो बेंगलुरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने समिति सदस्यों से कहा कि पूर्व समिति द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडों पर चलते हुए वर्तमान समिति को पूर्व समितियों द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडों को अपनाते हुए कार्य करना है और ज्यादा से ज्यादा साधर्मिकों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करना है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने योजना के कार्यों के शुभारंभ पर शुभ कामनायें देते हुए योजना में सहयोग करने वाले सभी दानवीर भामशाहों को साधुवाद दिया। योजना के सचिव सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार जीतो बैंगलुरु की इस अतिमहत्वाकांक्षी ÷साधर्मिक भक्ति योजना÷ के अन्तर्गत मेडिक्लेम, मासिक आर्थिक सहायता तथा एज्यूकेशन स्कॉलरशिप में अब तक हजारो जरूरतमंदों को लाभ मिल चुका है।उन्होंने बताया कि योजना के सभी कार्यों को व्यवस्थित रूप देने के लिये समिति सदस्यों के बीच कार्यों का निर्धारण किया गया। उन्होंने जन मानस से जरूरतमन्द साधर्मिकों को योजना से जुड़वाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने बताया कि योजना को सुचारू रूप देने के लिये समिति में बैंगलुरु से अपेक्स के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों, बैंगलुरु जीतो के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों, समिति के पूर्व पदाधिकारियों एवं उत्साही युवाओं की सेवाये ली जायेगी। समिति में तेजराज गुलेच्छा, राजेंद्र छाजेड, रमेश हरण, विक्रम करबावाला, प्रकाश सिंघवी,पारस भंडारी, श्रीपाल खीवेसरा, अशोक नागोरी, भेरूमल भंडारी, प्रमोद भंडारी, रमेश बोहरा,दिनेश बोहरा, इंदरचंद बोहरा, दीपक श्रीश्रीमाल, सुधीर गादिया, अशोक मेहता, राजेश मुथा इत्यादि के अनुभव का समिति में मार्गदर्शन व अर्थ संग्रह में तथा उदय जैन, पवन रांका,ओम जैन,नरेंद्र वेदमुथा, अमित कोठारी, नेमीचन्द दलाल, नीतेश गांधी इत्यादी की स्कॉलरशिप फार्म्स छानबिन में सेवाये अपेक्षित रहेगी।



# धूमधाम से मनाया गया मां छिन्नमस्ता देवी का जन्मोत्सव

### माँ के जन्मोत्सव पर हुआ विशाल भंडारा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** नगर दबोह के बीचोंबीच विराजी माँ छिन्नमस्ता देवी का जन्मोत्सव शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाया गया।मां के जन्मोत्सव के चलते माँ के मंदिर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया।तदोपरांत शुक्रवार की सुबह माँ की आरती की गई।उसके बाद शुक्रबार की दोपहर को माँ छिन्नमस्ता देवी की महाआरती की गई जिसमें



नगर की महिलाओं,व्यापारी व नगरवासियो ने हाजिरी लगाई।महाआरती के बाद मन्दिर के पुजारी कृष्णदत्त मिश्रा ने पांच के कन्याओं के साथ खोए से बने केक को काटा और मां को केक का प्रसाद लगाया।तदोपरांत मां को तरह तरह की मिठाइयों का प्रसाद लगाया जिसके बाद पूरा मन्दिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा।मन्दिर के पुजारी कृष्णदत्त मिश्रा ने बताया कि मां के जन्मोत्सव को समस्त नगरवासियों के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है जिस दौरान मन्दिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों भक्तों से प्रसादी ग्रहण की।

# सात दिनों तक मानहड़ में बहेगी आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ श्री गणेश

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

गोरमी- नगर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मानहड़ में आज से श्रीमद् भागवत कथा का ज्ञानयज्ञ प्रारंभ हो गया है, आज से 7 दिनों तक मानहड़ में बहेगी आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा, हम आपको बता दें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी सदस्य राजन भैया द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का प्रादुर्भाव कर दिया गया है, कथा व्यास श्री राम भूषण महाराज विजय राम धाम खनेता के द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान की चर्चा होगी, यहां हम आपको बता दें कि रज्जन भदोरिया द्वारा पिछले माह विधानसभा के प्रत्येक गांव में किसान चौपाल एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया था, ईश्वर भक्ति एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने वाले रज्जन भदौरिया के द्वारा अब आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन भी प्रारंभ कर दिया गया है, आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ के लिए आज ग्राम पंचायत में कलश यात्रा का आयोजन किया गया यह कलश यात्रा कथा स्थल( निजी निवास ) से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्ग से होती हुई पुनः कथा स्थल तक पहुंची, भव्य कलश यात्रा के दौरान उमड़े जनसैलाब से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां के लोग बहुत ही नेक और आध्यात्मिक के प्रति अलौकिक रुचि रखने वाले हैं, कलश यात्रा के दौरान 251 कलश लेकर माता और बहनों ने भीषण तपती गर्मी में नंगे पैर नगर की यात्रा की, इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर शीतल पेय एवं स्वल्पाहार के माध्यम से ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा का स्वागत किया, कलश यात्रा के दौरान परीक्षत उमा /हाकिम सिंह भदोरिया ने नगर के समस्त देवी देवताओं को पीले चावल देकर उन्हें श्रीमद् भागवत कथा प्रांगण में पधारने हेतु निमंत्रित किया। इस दौरान कथा व्यास श्री रामभूषण महाराज ने कहा श्रीमद् भागवत कथा भगवत भक्ति का अथाह ज्ञान यज्ञ है, जिसका पार पाना संभव नहीं है, लेकिन अपनी बुद्धि विवेक से और अपने जीवन को निर्मल और सहज बनाकर हम बड़ी ही आसानी से ईश्वर भक्ति को प्राप्त कर सकते हैं, कलिकाल में मानव जीवन को समय मिलना बड़ा मुश्किल है लेकिन फिर भी हमें अपने व्यस्त समय से थोड़ा सा समय निकाल कर श्रीमद् भागवत कथा, भगवत संकीर्तन, संतों की संगति में लगाना चाहिए तभी हमारा कल्याण संभव है, आज के इस पावन अवसर पर,रिपुशुदान सिंह, उम्मेदपाल सिंह, राघव सिंह,मण्डल अध्यक्ष सुभाष थापक, युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष अस्वनी त्यागी, मंडल अध्यक्ष अरविंद भदौरिया, डॉक्टर राज्यवर्धन सिंह भदोरिया, डॉ वेद राम सिंह भदौरिया, डॉ केशव सिंह भदोरिया, बादशाह सिंह भदोरिया, सुदामा सिंह भदोरिया, मुकेश सिंह भदोरिया राजू सिंह भदौरिया, रिशु भदोरिया, डॉक्टर मंगल सिंह भदोरिया, के साथ 1,000 से अधिक ग्रामीण भक्तजन मौजूद रहे।



# बिलावल को मिलेंगे कई भुट्टो भारत में

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी 4-5 मई को गोवा में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइज़ेशन (एससीओ) की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने भारत आएंगे। उनका विमान जब मुंबई के ऊपर से गुजर रहा होगा तो उन्हें अपने नाना जुल्फिकार अली भुट्टो के मुंबई से संबंधों को लेकर सुनी-पढ़ी बातें जेहन में आने लगेंगी। उन्होंने मुंबई के कैथडेरल स्कूल का नाम संभवतः अपनी मां बेनजीर भुट्टो से सुना होगा। जब पाकिस्तान 1947 में बना तब तक बिलावल के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो कैथडेरल स्कूल से पढ़कर निकल चुके थे। भुट्टो परिवार पाकिस्तान 1947 में नहीं गया था। मुसलमानों के लिए बने पाकिस्तान में भुट्टो खानदान 1950 में शिफ्ट हुआ था। भुट्टो कुनबे के राजनीतिक दुश्मन इस मुद्दे पर उनकी पाकिस्तान को लेकर निष्ठा पर सवाल उठाते रहते हैं। इस निशाने से बचने के लिए भुट्टो कुनबा भारत का कसकर विरोध करता है।दरअसल, जब गांधी जी की 1948 में हत्या हुई तब जुल्फिकार अली भुट्टो अमेरिका में पढ़ रहे थे। संयोग से वहां पर पीलू मोदी भी थे। बिलावल भुट्टो को यह जानकारी होगी कि उनके नाना की मां हिंदू थी। उनका निकाह से पहले नाम लक्खीबाई था। बाद में हो गया खुर्शीद बेगम। वो मूलतः राजपूत परिवार से संबंध रखती थी। उन्होंने निकाह करने से पहले ही इस्लाम स्वीकार किया था। जुल्फिकार अली भुट्टो के पिता



सर शाहनवाज भुट्टो देश के विभाजन से पहले मौजूदा गुजरात की जूनागढ़ रियासत के प्रधानमंत्री थे। शाहनवाज भुट्टो जूनागढ़ के प्रधानमंत्री के पद पर 30 मई, 1947 से लेकर 8 नवंबर, 1947 तक रहे। जब बेनजीर भुट्टो की निर्मम हत्या हुई थी तब जूनागढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई थी। जूनागढ़ शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद फारूक की अगुवाई में उनकी आत्मा की शांति के लिए नमाज भी अदा की गई थी।

बहरहाल, भारत बिलावल भुट्टो जरदारी से नाराज है क्योंकि कुछ माह पहले न्यूयार्क में बिलावल ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहा था। भारत ने तब बिलावल की गटर बयानबाजी पर कड़ा विरोध जताया था।बहरहाल, जुल्फिकार भुट्टो के कई अर्थों में भारत से करीबी संबंध थे। उनके मुम्बई और जूनागढ़ से रिश्तों की जानकारी जगजाहिर है। भुट्टो जब मुम्बई के प्रतिष्ठित कैथडेरल स्कूल में पढ़ रहे थे तब उनके परम मित्र थे पीलू मोदी, जो राज्यसभा में भी रहे। पीलू मोदी ने अपनी किताब 'जुल्फी माई फ्रेंड' में एक जगह लिखा भी है कि हालांकि हम दोनों घनिष्ठ मित्र थे 1946 में, पर जुल्फिकार टू नेशन थ्योरी पर यकीन करते थे। वे जिन्ना के आंदोलन को सही मानते थे। इसके विपरीत उन्हें कभी ये बात समझ नहीं आ रही थी कि भारत धर्म के नाम पर बंटेगा। भुट्टो 1973 से 1977 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। जरा सोचिए कि जिस शख्स का पाकिस्तान को दोफाड़ करवाने में अहम रोल था वह 1973 के पाकिस्तान के आम चुनाव में जीतकर मुल्क का प्रधानमंत्री ही बन गया। बना इसलिए क्योंकि उन्होंने उसी न्यूयार्क शहर में भारत-पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति पर संयुक्त राष्ट्र सभा को संबोधित करते हुए भारत को अनाप-शनाप बका था। इसके चलते पाकिस्तानी अवाम ने उनकी पाकिस्तान को तोड़ने की खता को माफ कर दिया।बहरहाल, भुट्टो 35 साल की उम्र में पाकिस्तान के विदेशमंत्री बन गए थे। 1965 में अय्यूब खान को उनके विदेशमंत्री भुट्टो द्वारा कश्मीर में घुसपैठियों को भेजने के लिए भड़काया गया था। शास्त्री ने इसका जवाब लाहौर की तरफ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार टैंक भेज कर दिया। ये लड़ाई ताशकंद में सोवियत यूनियन की मध्यस्थता से शांति के साथ खत्म हुई। लेकिन अय्यूब ख़ान से मतभेद होने के कारण उन्होंने अपनी नई पार्टी (पीपीपी) 1967 में बनाई। 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के पाकिस्तान युद्ध, तीनों के समय वे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन थे। 1965 के युद्ध के बाद उन्होंने ही पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम का शुरुआती ढांचा तैयार किया था। उन्हें चार अप्रैल, 1979 को फ़ांसी पर लटका दिया गया था। फांसी पर चढ़ाए जाने के महज़ दो साल पहले तक वे पाकिस्तान के वज़ीर-ए-आज़म थे। जुल्फिकार अली भुट्टो की मौत के नौ साल के बाद उनकी बेटी बेनज़ीर भुट्टो पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनीं। बेनजीर का भारत विरोध अपने पिता जितना तीखा नहीं था। वो कई बार भारत आईं। सबसे पहले अपने पिता के साथ शिमला समझौते के समय भारत आईं थीं। इस बीच, भुट्टो के पिता शाहनवाज भुट्टो की बात किए बगैर बात तो अधूरी ही रहेगी। वे भी कट्टर भारत विरोधी थे। हालांकि जूनागढ़ में 99 से अधिक फीसदी आबादी हिन्दुओं की थी पर वहां पर राज मुहम्मद महाबत खनजी का था। शाहनवाज उनकी रियासत में प्रधानमंत्री थे। उन्होंने खनजी को सलाह दी कि वह जूनागढ़ का पाकिस्तान में विलय कर लें। पर इसका वहां की जनता ने कसकर विरोध किया। जूनागढ़ में जनमत संग्रह भी हुआ। यह 1948 में हुआ था और वहां के 99.95 फीसद लोगों ने भारत के साथ ही रहने का फैसला किया था। हां, एक बात तय मानकर चलिए कि उनके गोवा में आने से भारत-पाकिस्तान संबंधों में कोई गर्माहट तो नहीं आएगी।

## संपादकीय

# कर्नाटक का महासंग्राम



ज्यों-ज्यों कर्नाटक में मतदान की तिथि दस मई करीब आ रही है राज्य में चुनाव प्रचार तल्ख व तेज होता जा रहा है। दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिये सब-कुछ दांव पर लगा दिया है। यह माना जा रहा है कि कर्नाटक के चुनाव परिणामों का असर अगले साल होने वाले आम चुनाव व कुछ राज्यों में इस साल होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। यही वजह कि दोनों दल आसमान से तारे तोड़ लाने के सब्जबाग जनता को दिखा रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2019 में कांग्रेस व जनता दल (एस) सरकार के पतन के बाद राज्य में सत्ता में आई भाजपा के लिये अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिये बहुत कुछ नहीं है। यही वजह कि पार्टी समान नागरिक संहिता व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दे लेकर सामने आई है। पार्टी कह रही है कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय और मुस्लिम महिलाओं के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करेगी। दरअसल, इस राज्य में तेरह फीसदी मुस्लिम आबादी में सेंध लगाने की कोशिश भाजपा कर रही है। हालांकि, मुस्लिमों के लिये चार फीसदी ओबीसी कोटा खत्म करने के भाजपा सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। लेकिन पार्टी की कोशिश है कि कांग्रेस को एकमुश्त मुस्लिम वोट पड़ने से कैसे रोका जाये। जहां तक भाजपा व कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्रों का प्रश्न है तो दोनों ही लोकलुभावने वायदे पूरे करने में आगे हैं। हालांकि, नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्तर पर रेवड़ी संस्कृति का मुखर विरोध करते रहे हैं। लेकिन लगता है कांग्रेस के लोकलुभावने व मुफ्त के वायदों ने भाजपा को भी इसी ट्रैक पर चलने के लिये बाध्य कर दिया है। अब भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वायदा किया है कि बीपीएल परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर युगादी, गणेश चतुर्थी और दीवाली पर मुफ्त दिये जाएंगे। साथ ही पोषण योजना के तहत प्रत्येक बीपीएल परिवार को हर दिन आधा लीटर नंदिनी दूध तथा हर महीने पांच किलो मोटा अनाज दिया जायेगा।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी रेवड़ियां बांटने में पीछे नहीं रही है। उसने राज्य सरकार द्वारा संचालित बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा, परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपये मासिक सहायता, दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त तथा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक बेरोजगारों को तीन हजार तथा डिप्लोमा धारकों को डेढ़ हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा चुनाव घोषणा पत्र में किया है। जनता दल (एस) ने भी अपने घोषणा पत्र में कृषक समुदाय तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के लिये लोक लुभावनी घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर राज्य में धार्मिक कट्टरवाद को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस ने संघ परिवार के संगठन बजरंग दल व प्रतिबंधित पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि राजग सरकार ने पीएफआई पर पहले ही पांच साल का बैन लगा रखा है। कांग्रेस की इस घोषणा ने भाजपा को नया अस्त्र दे दिया है। अब इस चुनाव में बजरंगबली का मामला भी बड़ा मुद्दा बनकर कांग्रेस के लिये नई मुसीबत खड़ा कर रहा है। इस तरह से बेहद दिलचस्प हो चले कर्नाटक के चुनाव में ध्रुवीकरण और लोकलुभावन नीतियां बड़ी चुनौती पैदा कर रही हैं। दोनों पार्टियां अपने लक्षित वर्ग को भुनाने के लिये जमीन-आसमान एक कर रही हैं। कांग्रेस के गढ़ रहे कर्नाटक में पार्टी अपनी खोयी विरासत फिर हासिल करने को बेताब है, वहीं भाजपा अपने इस दक्षिण के द्वार को किसी कीमत पर बंद नहीं होने देना चाहती। जिसके चलते चुनाव के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद दोनों पार्टियां ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। बहरहाल, कमजोर तबकों के सशक्तीकरण के नाम पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का खेल बदस्तूर जारी है। राजनीतिक दलों की छवि इतनी निस्तेज हो चली है कि वे मुफ्त की रेवड़ियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कवायद में जुटे हैं। विडंबना ही है कि आजादी के अमृतकाल तक सफर करने तक हम मतदाताओं को इतना विवेकशील नहीं बना पाये कि वे छोटे लाभ के लिये अपने कीमती वोट राजनेताओं की झोली में न डालें।

# भाजपा के पास मोदी और राहुल!

हरिशंकर व्यासकर्नाटक के चुनाव शोर में भाजपा जस की तस सौ टका नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर आश्रित है। बतौर प्रमाण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह वाक्य सटीक है- कर्नाटक को मोदी जी के आशीर्वाद से वंचित नहीं होना चाहिए। तभी गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो बसवराज बोम्मई ने भी कहा कि हमारा जीतना तय। उनके अनुसार पीएम मोदी का एक-एक शब्द बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है।मुझे यकीन है कि हमारे पार्टी कार्यकर्ता कर्नाटक में भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करेंगे।निश्चित ही हिमाचल और उससे पहले के तमाम चुनावों में भी नरेंद्र मोदी आश्रित भाजपा थी। कर्नाटक में भी है। इसलिए यह भाजपा की चली आ रही पुरानी राजनीति का हिस्सा। मगर बावजूद इसके कर्नाटक को मोदी जी के आशीर्वाद से वंचित नहीं होना चाहिए' जैसा वाक्य जनता को भक्त बनाने में अति है। सो, जनवरी 2023 से बदलती राजनीति में एक तरफ भाजपा, सत्तापक्ष और ज्यादा मोदी के करिश्मे पर निर्भर है। वहीं कांग्रेस, आप, राहुल-केजरीवाल भी जवाब में नरेंद्र मोदी की अदीनी से दोस्ती, डिग्री औरभ्रष्टाचार का शोर करते हुए।सोचें, जनवरी के बाद की सन् 2023 की राजनीति का फर्क। क्या पहले कभी कल्पना संभव थी कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी और अदानी को लेकर नारे लगेंगे। संसद नहीं चलेगी। लोकसभा में नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी वह भाषण देंगे, जिसका जवाब देने के बजाय सरकार को रिकार्ड से भाषण उड़वाना होगा। राहुल गांधी की सांसदी खत्म कर दी जाएगी। ऐसे ही किसने कल्पना की थी कि अरविंद केजरीवाल विधानसभा में नरेंद्र मोदी और अदानी के रिश्तों पर वह बोलें, जिसे पूरे देश ने चटखारे लेते हुए सुना मगर मोदी-भाजपा के मुंह से रत्ती भर प्रतिक्रिया नहीं। इतना ही नहीं आजाद भारत के इतिहास में पहली बार भारत का प्रधानमंत्री अनपढ़ करार दिया जाता हुआ।उस नाते फरवरी की हिंडनबर्ग की रिपोर्ट राष्ट्रीय राजनीति का वह मोड़ है, जिससे गैर-भक्त हिंदू आबादी में नरेंद्र मोदी की वह इमेज बनी है, जिसके कारण नरेंद्र मोदी का नाम ही अब विपक्ष का हथियार है। यह पहली बार है। कर्नाटक में कांग्रेस, पूरे देश और खासकर सोशल मीडिया में अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी ने नरेंद्र मोदी को भ्रष्ट और अनपढ़ बतलाने का जो शोर बनाया है वैसा आजाद भारत की 75 साला राजनीति में पहले कभी नहीं हुआ। गली-गली में शोर है इंदिरा गांधी चोर है' का समय हो या इंदिरा गांधी का इमरजेंसी और राजीव गांधी की बोफोर्स बदनामी का वक्त, सबकी तुलना में सन् 2023 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ का जैसा नैरेटिव देश-विदेश में बना है, वह इतना अकल्पनीय है कि खुद मोदी को समझ नहीं आ रहा होगा कि सबकुछ कंट्रोल में होते हुए भी कैसे वे नफरत-विरोध का चेहरा हो गए।कर्नाटक में भाजपा उन्हेंवरदान' याकि भगवान करार देते हुए है वही विपक्ष की सभा में सुनाई दिया कि नरेंद्र मोदी जहरीले सांप जैसे हैं आप सोचेंगे कि जहर है या नहीं? लेकिन आपने चख लिया तो फिर मर जाएंगे'। यों अपने इस कहे पर कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने खेद जताया है। बावजूद इसके यह तो सोचने वाली बात है नरेंद्र मोदी के राज में भारत की राजनीति सन् 2023 में किस एक्स्ट्रिम, भगवान या सांप के जुमले में पहुंची है।तभी कर्नाटक और इसके बाद के विधानसभा चुनावों, सन् 2024 के आम चुनाव सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की नायक या खलनायक इमेज पर होगा। कर्नाटक में भाजपा यदि हारी तो वह मोदी के वहां जादू खत्म होने का प्रमाण होगा। मतलब भगवान के वरदान को कर्नाटक के लोगों ने ठुकराया।जेपी नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराजसिंह चौहान सब यदि कर्नाटक में नरेंद्र मोदी का नाम ले कर उनका वरदान लेने के लिए कर्नाटक की जनता को कह रहे हैं तो उनके कंट्रास्ट में भाजपा के तमाम नेता राहुल गांधी के नाम का रट्टा भी लगाए हुए हैं। यह भी बदली राजनीति की एक बानगी है। नौबत यह हो गई कि यदि राहुल गांधी नहीं हों तो भाजपा नेताओं के पास बोलने के लिए कुछ नहीं होगा। मोदी भी परोक्ष तौर पर राहुल गांधी से लोगों को सावधान करते हुए हैं तो अमित शाह कहते हैं-राहुल बाबा सुन लेंज्कांग्रेस जीती तो वंशवाद की राजनीति चरम पर होगी। कर्नाटक दंगों से पीड़ित होगा।राज्य का विकास रिवर्स गियर' में होगा। ऐसे ही शिवराज सिंह चौहान जनसभा में यह बताते हुए कि राहुल गांधी पचास साल के हो गए हैं मगर बुद्धि उनकी पांच साल की है।मतलब राहुल गांधी को बेघर बना कर भी मोदी-शाह-भाजपा सबके लिए राहुल गांधी या तो दंगाई राक्षस हैं या बाबा और पप्पू और विकास को ठप्प कर देने वाले। भाजपा के पास अब मोदी सरकार, प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धि बताने के नाम पर सिर्फ एक जुमला है और वह है डबल इंजन।

# जब भी बोली तब ही सुनिये

एक आंकड़े के मुताबिक आने वाली पीढ़ियां वन्य जीवों की दुर्लभ प्रजातियां नहीं देख पाएंगी। सबको पता है कि कितनी ही पीढ़ियां डायनासोर भी नहीं देख पाई जिसमें हम सब भी शामिल हैं। और वैसे भी शेर-शेरनी बचाने से ज्यादा जरूरी है कि बेटियों को बचाया जाये। इस पर एक नौजवान की टिप्पणी है कि शेरनी की बजाय बेटी ज्यादा जरूरी है क्योंकि बाइक के पीछे उन्होंने शेरनी थोड़ी बिठानी है। जब बेटियों को बचाने के मुद्दे की बात होती है तो हम सोचते हैं कि अब एक हजार लड़कों की तुलना में लड़कियां 840 रह गई हैं। कोई शक नहीं कि लिंगानुपात को तो ठीक करना ही है यानी कि गर्भ स्थित बेटी के जन्म को सुनिश्चित करना। अब बेटियों के भ्रूण को बचाने से भी विकराल प्रश्न पर मंथन करना जरूरी है। और यह यक्ष प्रश्न है कि भ्रूण में विकसित होकर बेटी यदि जन्म ले भी लेगी तो समाज में उसकी सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा? भ्रूण से बाहर आ समाज की वर्जनाओं और लक्ष्मण रेखाओं से जूझकर नाम रोशन करने वाली बेटियों को भी अपनी सुरक्षा और सम्मान के लिये जंतर-मंतर पर धरना देना पड़े और रो-रो कर रपट लिखने की गुहार लगानी पड़े तो लगता है कि जन्म लेकर भी क्या डोक्के ले लिये। अनेकानेक बार रूढ़िवादिता पर प्रतिभा बलिदान होती आई है। बेटियों की सुरक्षा और करिअर बिल्डिंग सिर्फ मां-बाप की जिम्मेदारी नहीं होती है, बल्कि समूचे समाज को बेटियों की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता व स्वतंत्रता का ध्यान रखना होगा और गलत के विरुद्ध हस्तक्षेप करना होगा। जिन पहलवान लड़कियों के दांव पूरी दुनिया में उन्हें अव्वल सिद्ध कर चुके और पदक मंच पर सुनहरी पदकों से देश का सीना चौड़ा कर चुके, आज उन कन्याओं की टीस हर कान को सुननी पड़ रही है। पर जिन्हें सुननी चाहिए वे बहरा होने का संदेह पैदा कर रहे हैं। परम्परावादी पितृसत्तात्मक मानसिकता से ग्रस्त आदमी सवाल उठा रहे हैं कि ये छोरियां पहले क्यूं नहीं बोलीं? समझ नहीं आ रहा कि अपने प्रति हो रहे उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ पहले-पीछे आवाज़ उठाने के क्या मायने हैं? एक बर की बात है ताई रामप्यारी बोल्ली- आं ए तैं नत्थू की बहू सै के? रामप्यारी माड़ा सा छोह दिखाते होये बोल्ली- आपको बोलने की भी तमीज नहीं है, ये कोई बोलने का तरीका है? ताई उसतैं टेढा सा लखा कै बोल्ली अक तू ए बता दे किस तरियां बोल्लूं? रामप्यारी बोल्ली- आप नत्थू की वाइफ बोलिये।

# हिमाचल से सौहार्द के रिश्ते सींचते रहे बादल

सरदार प्रकाश सिंह बादल... ये सिर्फ़ एक नाम नहीं, बल्कि पंजाब, पंजाबियत, अपनेपन, भरोसे की वो पहचान रहा, जो सालों-साल से देश के ललाट पर चमकदार पंजाबी साफ़े की तरह बंधा रहा। बादल साहब का अनूठा व्यक्तित्व था, उनसे हर मुलाकात स्मरणीय होती थी, प्रेरणा देती थी। जीवन में व्यक्ति को कैसा व्यवहार रखना चाहिए, इसका सबक सिखाती थी। मेरी उनसे मुलाकात 1970 के दशक में जनता पार्टी और अकाली दल की गठबंधन सरकार के दौरान हुई जब वे पंजाब के मुख्यमंत्री थे। पंजाब चंडीगढ़ कॉलेज टीचर यूनियन, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ग्रेड के लिए आंदोलन कर रहे थे। काफी संघर्ष के बाद बादल साहब ने हमारी मांगें मान ली। इसके बाद जालंधर के दोआबा कॉलेज में यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल जी का धन्यवाद करने के लिए आयोजन किया गया। हमारे प्रिंसिपल ओपी मोहन ने कहा, 'बादल साहब आप भलेमानस राजनीतिज्ञ हो, ऐसा बेहद कम होता है। हमारी प्रार्थना है कि आप यह भलमनसाहत कभी मत छोड़िएगा।' समूचे पंजाब में प्रकाश सिंह बादल जी की भलेमानस की छवि सदैव बनी रहेगी।1998 में जब हिमाचल प्रदेश में हमने हिमाचल विकास कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई तो मैं बादल साहब से उनके घर पर जाकर मिला। वे बेहद प्रसन्न थे। केंद्र में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा में भी एनडीए गठबंधन की सरकारें थीं। उन्होंने कहा, 'बहुत अच्छा हुआ कि एक छोटा-सा राज्य जो हमारे अधीन नहीं था वहां भी आपने एनडीए की सरकार बना दी।' वे मुझे छोड़ने बाहर निकले। उन्होंने देखा कि मैं एंबेसडर कार में था। कहने लगे, 'कोई अच्छी-सी कार, हमारी कारों में जो खड़ी है ले जाओ। एंबेसडर कार में कहां इतना लंबा सफर करोगे।'नैना देवी का क्षेत्र जिसे चंगर कहा जाता है, वहां पानी की बड़ी किल्लत होती थी। गर्मियों में वहां के लोग अपने मवेशियों के साथ पंजाब में अपने रिश्तेदारों के पास चले जाते थे। 1983 में जब पंजाब में सरदार दरबारा सिंह



मुख्यमंत्री थे और हिमाचल में वीरभद्र सिंह जी थे तब पानी के लिए एक समझौता हुआ था लेकिन वह कागजों तक ही सीमित रह गया। वर्ष 1998 में मेरे ध्यान में यह बात लाई गई। मैंने मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल जी को इस समस्या से अवगत कराया। हमने मुख्य सचिवों की एक बैठक तय की। बादल साहब ने अपने मुख्य सचिव आरएस मान को यह निर्देश देकर भेजा कि जाओ जैसे धूमल साहब कहें वैसे समझौता कर लेना। दोनों राज्यों में सहमति बनी और आनन्दपुर हाइड्रो चैनल से 25 क्यूसेक पानी श्रीनैना देवी क्षेत्र के लिए देने का फैसला हुआ। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि वह योजना सफल हुई। बादल साहब के कारण चंगर क्षेत्र के लोगों के लिए पीने के पानी की समस्या का निदान हुआ और उस क्षेत्र में सिंचाई भी की जा रही है। आज गर्मियों में किसी को घर नहीं छोड़ना पड़ता।चंबा जिले के साथ पंजाब का गुरदासपुर जिला लगता है। वहां डैम बनने से हिमाचल के कई गांव विस्थापित हुए। उनसे कहा गया था कि प्रत्येक विस्थापित परिवार के एक सदस्य को रोजगार दिया जाएगा। कई वर्ष बीतने के बाद भी किसी को रोजगार नहीं मिला। मैं चंबा में मिंजर के मेले में गया हुआ था तब वहां लोगों ने मांग उठाई। मैंने वहीं से बादल जी को फोन मिलाया और इस समस्या को उनके ध्यान में लाया। बादल साहब की यह महानता है कि उन्होंने फोन पर ही मेरी बात मान ली और कहा कि आप घोषणा कर दो कि डेढ़ सौ से ज्यादा जो विस्थापित परिवार हैं उनमें प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दे दिया जाएगा। उन्होंने वादा पूरा भी कर दिया। लोगों को रोजगार मिल गया।प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के प्रयासों से हमें औद्योगिक पैकेज मिला था। इससे बहुत से उद्योग भी आए। परंतु अधिकतर उद्योगपति चंडीगढ़ और पंचकूला में रहते थे। उन्हें पिंजोर घूमकर 'बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़' आना पड़ता था। एक दिन प्रातःकाल बादल साहब से मिलने गया था। नाश्ते पर बातचीत हुई और चंडीगढ़-बद्दी के बीच सड़क बनाने हेतु उनकी सहमति मिल गई। इसके परिणामस्वरूप बनने वाली सड़क से चंडीगढ़ और बद्दी के बीच की दूरी मात्र 22 किलोमीटर रह गई। जब भी चुनाव होते, 'मुक्तसर में माघी' का मेला लगता या कोई और कार्यक्रम होता, बादल साहब हमेशा बुलाते थे। एक बार चुनाव में गुरदासपुर व अमृतसर जिलों में चुनाव प्रचार करने के बाद हम जालंधर पहुंचे। हम अलग-अलग जगहों पर ठहरे थे। अगले दिन सुबह लुधियाना में जनसभा थी। सवेरे बारिश शुरू हो गई। समय पर पहुंचने के लिए हम सभी दौड़े पर बादल साहब समय के हम से भी पक्के पाबंद थे। वे हमसे भी पहले पहुंच गए। मंच पर लगाए गए सोफे भीग गए थे। सुरक्षा वालों ने बादल साहब के लिए सोफे की एक सिंगल सीट जो सूखी थी उसका प्रबंध कर दिया था। जब वहां हम पहुंचे तो बादल साहब खड़े हो गए। हमारे लाख कहने पर भी बादल साहब बैठे नहीं जब तक मेरे लिए भी वैसी ही सीट नहीं लगा दी गई। ऐसे सहज व्यक्तित्व के धनी थे बादल साहब। पंजाब और हिमाचल के बीच किसी भी मुद्दे पर हमारी प्रार्थना-सुझाव बादल साहब बड़े भाई के तौर पर स्वीकार कर लेते थे।जब यूपीए सरकार के समय न्यूक्लियर डील का मामला आया, तब आडवाणी जी के आवास पर एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित हुई। आडवाणी जी की उपस्थिति में जॉर्ज फर्नांडिस की अध्यक्षता के बीच में बैठक हुई। सभी से इस बारे में राय लेनी थी कि अगर इस पर वोटिंग होगी तो उनके सांसदों का इस पर क्या रुख होगा। सबसे पहले बादल साहब से पूछा गया। बादल साहब ने स्पष्ट कहा कि जब तक मैं हूं, वाजपेयी जी और आडवाणी जी जो निर्णय लेंगे, हमारी पार्टी उनका साथ देगी। जहां वह कहेंगे हम वहीं वोट देंगे। इस मुद्दे पर संसद में मतदान हुआ तो अकाली दल के 2 सांसदों ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर दिया। बादल साहब ने अपना वादा निभाया और दोनों सांसदों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। विनम्रता, सादगी, सज्जनता, सहनशीलता जैसे गुणों के धनी, मानव मूल्यों की प्रतिमूर्ति सरदार प्रकाश सिंह बादल जहां गए वहां एक संवेदनशील इंसान, सफल नेता, हिंदू सिख एकता के सबसे बड़े पैरोकार के तौर पर कार्य किया। उन्होंने केवल पंजाब में ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया में प्रकाश फैलाया। उन्हें हमेशा एक भलेमानुष राजनेता के तौर पर याद किया जाएगा।

# आईएएस श्री अनुराग चौधरी जी पहुँचे लालटिपारा गौशाला, चरण बन्दन कर लगाया भोग





**दैनिक पुष्पांजली**

**ग्वालियर।** पशुपालन विभाग के अपर सचिव आईएएस श्री अनुराग चौधरी जी का आज दोपहर करीब 1 बजे लालटिपारा गौशाला में आगमन हुआ। आईएएस श्री अनुराग चौधरी ने गौशाला में संतो के सानिध्य में गौमाता का पूजन कर गौभोग लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि श्रीकृष्णायन देशी गौरक्षाशाला के संतो के मार्गदर्शन में चल रही आदर्श गौशाला में बेहतर प्रबंधन के कारण उनका यहां पर बार-बार आने के लिए मन करता है। श्री कृष्णायन देशी गौरक्षाशाला के संतो के मार्गदर्शन में रानीघाटी गौशाला का भी संचालन किया जा रहा है। रानीघाटी गौशाला को इस वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा आचार्य विद्यासागर जीव दया योजना के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिसका सम्मान पत्र 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा अमरकंटक में संतों को भेंट किया गया था। यह सम्मान रानीघाटी गौशाला में संतो के बेहतर प्रबंधन के चलते दिया गया था। उल्लेखनीय है कि संतो के आगमन से पहले आदर्श गौशाला की स्थिति बेहद दयानीय हुआ करती थी। लेकिन आज यह एक धार्मिक क्षेत्र का रूप ले चुकी है। आदर्श गौशाला में पशुपालन विभाग के अपर सचिव आईएएस श्री अनुराग चौधरी जी ने ही अमृत योजना से पानी की लाइन की व्यवस्था कराकर पेयजल समस्या का निराकरण किया था।



## भारतीय रेडकॉस सोसायटी शाखा भिण्ड के प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** डिप्टी कलेक्टर पराग जैन द्वारा रेडकॉस दिवस 8 मई 2023 को मनाने की तैयारियों संबंधी भारतीय रेडकॉस सोसायटी शाखा भिण्ड के प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड के सभागार में किया गया। बैठक में विक्रमपुरा में स्वास्थ्य शिविर एवं नैत्र शिविर का आयोजन किया जाने, पुर हाईस्कूल में जूनियर रेडकॉस आयोजित करेगी, निबंध, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला एवं बाद बिबाद प्रतियोगिताऐं, 9 मई को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा, इन सभी प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूपीएस कुशवाह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार गोयल, चौयरमैन शोभित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अटल बिहारी टॉक, सदस्य तरूण शर्मा, समन्वयक जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी एसके भारद्धाज, जेआरसी काउंसलर शैलेन्द्र कुमार ओझा, सदस्य वीरेन्द्र जैन, डॉ मनोज जैन, आरएमओ जिला चिकित्सालय भिण्ड डॉ. देवेश शर्मा, श्रीमती आभा जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



## ईदगाह शहर कमेटी अध्यक्ष फिर चुने गए: पत्रकार आजम खान

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। फुटेरा तालाब के पास स्थित शहर की ईदगाह मस्जिद में शुक्रवार को ईदगाह कमेटी का चुनाव मुस्लिम समाज के लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें सभी की एक राय सर्वसम्मति से ईदगाह कमेटी अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आजम खान को पुनः शहर ईदगाह कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष इफ्तिखार अहमद ,एडवोकेट अब्दुल करीम बकील, एम आर साहिब खान, ज्वाईन सेकेट्री डॉ भूरे, रिजवान राईन खान, खजांची डॉ नाजिम रजा बेग, मैम्बर इसरार अली, आदिल ठेकेदार, वजाती शाह, इकबाल अहमद, अयाज अहमद खान, नबाव खा, बाबू मस्तान, युसुब चक्की वाले, महमूद सिद्दीकी, जाहिर एडवोकेट को कमेटी सदस्यों में चुना गया।

## कुशवाहा समाज के संगठन सक्रिय हो उठे और सभी पदाधिकारी अब समाज के हित की बात करने लगे हैं

**गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

पन्ना। पन्ना जिले में कुशवाहा समाज के संगठन राजनीतिक पार्टियों को लेकर सक्रिय होते हैं अभी कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया में अखबारों की सुर्खियों में एक हेड लाइन चल रही थी कि कुशवाहा समाज को दरकिनार करना राजनीतिक पार्टियों को पड़ेगा महंगा उसी के साथ कुशवाहा समाज के पन्ना जिले में जितने भी संगठन है सभी सक्रिय हो उठे हैं और उनके पदाधिकारी भी कुशवाहा समाज के हित को लेकर पार्टियों में दखलअंदाजी करने का मूड बना चुके कुशवाहा समाज के संगठन के नेतृत्व करता बस यही कह रहे हैं की यदि हम समाज के हित के कार्य नहीं कर पा रहे हैं तो हमें राजनीतिक पार्टियों को भी महत्व नहीं देना होगा यदि राजनीतिक पार्टियां हमारे समाज के नेतृत्व कर्ताओं को महत्व देते हैं तो आवश्यक रूप से राजनीतिक पार्टियों का भी एक सोचना पड़ेगा अन्यथा सबका सीधा सा यही कहना है कि यदि कोई भी राजनीतिक पार्टी कुशवाहा समाज के हित में बात नहीं करती और कुशवाहा समाज के लोगों को महत्त्व नहीं देती है तो उनके समर्थन में कुशवाहा समाज नहीं रहेगा।



### इनका क्या कहना

1. मैं समाज के लिए हमेशा जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यकर्ता रहा हूं और पार्टी के सहयोग में काम किया है किंतु हमारे कुशवाहा समाज को महत्त्व ना देकर पार्टी हमें कार्यकर्ता के रूप में स्वीकार नहीं करती अतः हम लोग भी पार्टी के खेत पर काम नहीं कर पाएंगे जो पार्टी हमारे समाज की बात करेगी उसी पर हमारा समाज समर्पित रहेगा।

**दादूराम कुशवाहा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत गुखौर**

2. मेरा यही कहना है कि यदि हमारे समाज का कोई पार्टी महत्त्व नहीं देती है तो मैं समाज के नेतृत्व करता होने के कारण मेरी तरफ से समाज के हित में ही बात की जाएगी अन्यथा पार्टी का समर्थन नहीं किया जाएगा।

**रामकिशोर कुशवाहा सरपंच ग्राम पंचायत रानीगंज पुरवा**



## 31 मई को रानी अहिल्याबाई की जयंती के उपलक्ष्य में निकलेगा भव्य चल समारोह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती और चल समारोह की तैयारी को लेकर बघेल समाज द्वारा गुरुवार को एमजेएस महाविद्यालय के पास राजकुमार बघेल के मकान में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल और एडवोकेट जय श्रीराम बघेल मुख्य रूप से मौजूद रहे बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा 31 मई को लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाएगी इस बार देवी अहिल्या बाई की जयंती पर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के मुख्यालयों पर अब चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में बघेल समाज के साथ अन्य समाज के लोग लोगों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा इस बार भिंड में चल समारोह भव्य शोभायात्रा का आयोजन सुबह 11 बजे से भिंड जिले की पांचों विधानसभाओं से रैली आरंभ होगी पुरानी गल्ला मंडी भिंड में सभी रैलियों का समागम होगा दोपहर 2 बजे गल्ला मंडी से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर परेड चौराहा भारौली तिराहा लहार चुंगी होते हुए स्वतंत्र नगर लोक माता देवी अहिल्या बाई समाधि स्थल पर समापन होगा बैठक के दौरान राजवीर बघेल जिला पंचायत सदस्य, राजवीर बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य,रामकृष्ण बघेल जनपद अध्यक्ष पति, सुनील बघेल प्रदेश प्रभारी, संजीव बघेल, सुंदर पाल बघेल पूर्व जनपद सदस्य, सोनवीर बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी, दिनेश बघेल ,सर्वेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष मेहगांव,संदीप बघेल युवा जिलाध्यक्ष, विनोद बघेल जनपद सदस्य, मुन्नेश बघेल,हाकिम सिंह बघेल,नाथूराम बघेल, राजकुमार बघेल, श्याम सुंदर बघेल महेश जाटव, राजेश बघेल, राजू बघेल कनारी, आनंद बघेल मेहगांव, प्रदीप बघेल करकेकापूरा, जनक सिंह पूर्व सरपंच, बदलू बघेल, जसवंत बघेल, सुधाकर बघेल, विपन बघेल मलपुरा, राजेश, सुमित सत्येंद्र जंडेल पवैया, प्रदीप मौर्या,अजय बघेल, सोनू, नरेंद्र बघेल, मौजूद रहे।

## देवेंद्र नगर में खुले आम चल रही अवैध बालू से भरी ट्रैक्टरों की मंडी, थाना प्रशासन बना मूकदर्शक

**गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

पन्ना जिले से सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा सांसद और पन्ना के विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह खनिज साधन और श्रम मंत्री होना जिले की खनिज संपदा के लिए वरदान की जगह अभिशाप बनता जा रहा है।इसकी बानगी आए दिन बालू के खुले अमल खुले आम हो रहे बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की खबरें है। और अब यह काला व्यापार अजयगढ़ से निकल कर पूरे जिले में अवैध परिवहन के माध्यम से अपने पैर पसार चुका है और कई बालू माफियाओं के लिए लाल सोना के रूप में मोटी कमाई का जरिया बन चुका है।

जिले का व्यापारिक केंद्र देवेंद्र नगर भी इन बालू माफियाओं के लिए चांदी काटने का मुफीद क्षेत्र बन चुका है यहां प्रतिदिन लगभग दर्जन भर ट्रैक्टर बालू लादे दिन भर धमाचौकड़ी मचाते है और तो और बालू माफिया इस कदर बेखौफ है की अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर बाकायदा राणा पेट्रोल पंप के बगल से लगा कर दिन भर खुले आम मंडी लगाए रहते है पर मजाल थाना प्रशासन की जो इन पर कार्यवाही कर सकें।सूत्रों की माने तो ज्यादातर ट्रैक्टर में पुलिस महकमे के लोग ही शाझेदार बताए जा रहे है क्या आरक्षक,क्या प्रधान आरक्षक ,क्या फूलधारी यहां तक कि डायल हंड्रेड



चलाने वाले ड्राइवर भी इस गोरखधंधे में शामिल बताए जा रहे है। जब जिम्मेदार विभाग ही ऐसी गतिविधियों में संलिप्तता रखेगा तो कार्यवाही होना तो संभव नहीं है और शायद यही वजह भी है की इतने खुले आम प्रशासन की नाक के नीचे ये व्यापार फल फूल रहा है।

**सूचना संकलन क्या कर रहा है**-थाने में एक कर्मचारी सूचना संकलन के लिए ही निर्धारित रहता है जिसका कार्य वैध अवैध गतिविधियों की पूर्व सूचना संकलित करना होता है और लगभग प्रतिदिन पुलिस अधिक्षक को अवगत कराना होता है तो आखिर इस गोरख धंधे की सूचना संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस अधिक्षक पन्ना को क्यो नही हैइसका जिम्मेदार कौन। और यदि है तो दोनो जिम्मेदार आखिर इतने दिनो से चल रहे अवैध परिवहन पर कार्यवाही पर चुप क्यों?

**खबर के सार्वजनिक होने के बाद क्या हो सकता है**- यदि थाना देवेंद्र नगर की भूमिका संदिग्ध होगी तो वाहन चालकों को मामला शांत होने तक परिवहन रोकने की सलाह दे कर आपसी रिश्तों की प्रगाढ़ता को बनाए रखा जाएगा ,साथ ही एक संभावना यह भी है की खबर लिखने वाले कलमकार को हाई कोर्ट से नोटिस जारी कर खबर का दम घोटने का प्रयास भी किया जा सकता है।

**यदि थाना प्रभारी सजग हैं तो यकीनन इन बालू माफियाओं पर धरपकड़ की कार्यवाही होगी**- ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा फिलहाल तो बालू माफिया मोटी रकम छापने में मस्त है

**जिम्मेदार क्या कहते है**-थाना प्रभारी और अनुविभागीय अधिकारी पन्ना से दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया परंतु दोनो के द्वारा फोन नही उठाया गया। आपके तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी से बात करके उचित कार्यवाही की जायेगी।

**आरती सिंह**
**एड.पुलिस अधिक्षक, पन्ना**

## पचास हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने किया देव जागेश्वर नाथ का जलाभिषेक

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ जी महादेव का आज पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर प्रातः मंगला आरती के बाद प्रतिदिन ट्रस्ट के प्रभारी प्रबंधक पंडित केदार नाथ दुबे एवं मंदिर पुजारियो के द्वारा दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल से जागेश्वर नाथ का विशेष रूद्राभिषेक किया गया वैशाख माह मे शिव पूजा का विशेष फल प्राप्त होता है शिवपुराण के अनुसार जो भी भक्त किसी कारण वश सम्पूर्ण वैशाख माह में शिव आराधना नहीं कर पाता अगर वह वैशाख पूर्णिमा को शिव आराधना करता है तो सम्पूर्ण वैशाख माह की शिव पूजा का फल प्राप्त हो जाता है ट्रस्ट के निर्देशानुसार स्थानीय प्रबंधन के द्वारा दर्शनार्थियो को शानदार व्यवस्थाए कराई गई थी।



## प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक अमितेश शुक्ला ने कोदो-कुटकी-रागी से बने व्यंजन, की बतलाई विशेषता, कहा किसानों और महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद**-प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक अमितेश शुक्ल विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रम गरियाबंद पहुँचे थे इस दौरान पत्रकारों से चर्चा में कहा प्रदूषण फैलाने वाले कोई भी नये उद्धोग नहीं लगाये जाएँगे ऐसे उधोगे के लिए शहर के बाहर के स्थान का चयनित किया जाये जहां इससे जनता को हानि ना हो, साथ ही ऐसे उधोगों को संरक्षण देने की ज़रूरत हो जो लोगो के स्वास्थ को ठीक करता हो जैसे की बाजरा रागी कुटकी कोदो सनवा कूटू चेना ज्वार का प्रोसेसिंग प्लांट लगाये जा सकता है, ऐसे मिलेट के उत्पादन के साथ ही अनुसंधान व नई तकनीक के ज़रिए इन खाद्यानों से बनाए जाने वाले डिश व प्रीजरवेटिव कर कई दिनों तक खाने योग्य बनाये जा सके, उन्होंने कहा कि यह फ़ूड स्वास्थवर्धक होने के साथ कई बीमारियों का इलाज भी है विधायक शुक्ल ने बताया की इन उत्पादनों का मैं भी मैं अपने निजी ज़िंदगी के दिनचर्या में उपयोग करता हूँ वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मिलेट को ले कर जो आंदोलन है वह एक दूर्गामी परिणाम देने वाला सुखद विचार है जिसे आत्मसाध कर प्रदेश की जानता स्वस्थ व दीर्घायु होने की ओर बढ़ेगी वही हमारे किसान भाइयो को नया रोज़गार मिलेगा जिससे उनकी आय में वृद्दी होगी

**प्रथम पंचायत मंत्री बोले- मुझे बाजरा और रागी की रोटी पसंद आया**-प्रथम पंचायत मंत्री एवं विधायक अमितेश शुक्ला ने कहा, मुझे बाजरा और रागी का रोटी बेहद पसंद आया। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष हमारी सरकार ने 52 हजार क्विंटल कोदो ,कुटकी, रागी की खरीदी की



है। छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जो समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी रागी की खरीदी कर रहा है। इससे किसानों को लाभ हुआ है साथ ही उत्पादन भी बढ़ा है। मिलेट्स का उपयोग सभी को ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए क्योंकि इसमें बहुत से पौष्टिक तत्व होते हैं। प्रथम पंचायत मंत्री ने कहा, हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में मिलेट्स कैफ़े का उद्घाटन किया है । साथ ही हमारी सरकार मंत्रालय में मिलेट्स कैफे खोल रहे हैं साथ ही संभागीय सी-मार्ट केंद्रों में भी मिलेट्स कैफे शुरू करेंगे।

**कांकेर में सबसे बड़ी प्रोसेसिंग यूनिट**-छग राज्य लघु वनोपज संघ के माध्यम से प्रदेश में कोदो, कुटकी और रागी को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। वर्ष 2021-22 में 16.03 करोड़ के 52 हजार 728 क्विंटल का कोदो, कुटकी एवं रागी की खरीदी हुई है। स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किये गये हैं। कांकेर जिले में अवनी आयुर्वेदा ने पांच हजार टन क्षमता के मिलेट प्रसंस्करण केन्द्र निजी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। यह एशिया की सबसे बड़ी मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई है।

**स्कूलों के मिड-डे-मील में भी कोदो-कुटकी शामिल**-छत्तीसगढ़ में मिलेट्स को मिड डे मील में भी शामिल किया गया है। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील में मिलेट्स से बने व्यंजन दिये जा रहे हैं जिनमें मिलेट्स से बनी कुकीज,लड्डू और सोया चिक्की शामिल हैं।

**दो साल से मिलेट्स मिशन चल रहा है**-छत्तीसगढ़ में 2021 से मिलेट्स मिशन चल रहा है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद (आईआईएमआर) और 14 जिला कलेक्टरों के बीच एमओयू किया गया है। आआईएमआर ने कोदो, कुटकी, रागी के अच्छी क्वालिटी के बीज उपलब्ध कराने के साथ-साथ सीड बैंक की स्थापना में मदद करने की भी जिम्मेदारी ली है। साथ ही वह किसानों को प्रशिक्षण भी दे रहा है।

## दमोह से लक्ष्मण कुटी धाम तक बाइक रैली निकली

**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। जिले के प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर लक्ष्मण कुटी धाम की स्थापना के अवसर पर दमोह नगर से लक्ष्मण कुटी धाम तक बाइक रैली का आयोजन श्री हनुमान मंदिर नगर पालिका परिषद से प्रारंभ हुई लक्ष्मण कुटी धाम पहुंची।जहां सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया है। लक्ष्मण कुटी धाम महंत श्री राघवेंद्र गिरी जी महाराज ने बताया कि महाबली बजरंगबली श्री हनुमान जी मंदिर लक्ष्मण कुटी धाम एक पवित्र स्थल है यहां पर लगभग 60 वर्ष पूर्व श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन विशेष पूजन अर्चन एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी भक्तों नें सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लिया।पंडित सतीश तिवारी ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर लक्ष्मण कुटी धाम में प्रतिमा स्थापना के अवसर पर दमोह नगर के श्री हनुमान मंदिर नगर पालिका परिषद से एक बाइक रैली का आयोजन किया गया,जो शहर के स्टेशन चौराहा बस स्टैंड, कीर्ति स्तंभ, घंटाघर से होते हुए श्री लक्ष्मण कुटी धाम पर समाप्त होगी। जहां पर पूजन अर्चन के बाद सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ब?ी संख्या में दमोह शहर के सभी राम भक्त हनुमान भक्त बाइक रैली में सम्मिलित हुये एवं पुण्य लाभ अर्जित किया ।

# होंगे तबादले, एक स्थान पर तीन साल पूरे करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हटाए जाएंगे

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

भोपाल। मध्य प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के हिसाब से सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों का स्थानांतरण करेगी। इसमें ऐसे अधिकारी-कर्मचारी पहले हटाए जाएंगे, जिनकी पदस्थापना को एक स्थान पर तीन साल पूरे हो चुके हैं। दरअसल, अक्टूबर में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और चुनाव आयोग सभी प्रमुख विभागों से यह प्रमाण पत्र लेगा कि उनके यहां ऐसा कोई भी अधिकारी तो पदस्थ नहीं है, जिसे एक स्थान पर तीन साल पूरे हो गए हैं। यदि ऐसा पाया जाता है तो फिर उसे हटाना पड़ेगा और सरकार अपनी पसंद से पदस्थापना भी नहीं कर पाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्ष 2023 की तबादला नीति के प्रारूप में इसका प्रविधान प्रस्तावित किया है। इस पर अंतिम निर्णय कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा।

संभावना जताई जा रही है कि अक्टूबर में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसके पहले सितंबर में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का काम होगा। इसमें कलेक्टर, कमिश्नर,




अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और 64,100 बूथ लेवल आफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। सूची का कार्य प्रभावित न हो इसलिए इनके तबादलों पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसे देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार किया है। इसमें विभागों को निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला प्राथमिकता के आधार पर करना होगा क्योंकि चुनाव कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद इन्हें आयोग की अनुमति के बिना नहीं हटाया जा सकेगा। इसके साथ ही नेताओं के रिश्तेदारों को भी अभी अन्यत्र पदस्थ कर दिया जाएगा ताकि आचार संहिता लागू होने के बाद शिकायतें न हों। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि प्रशासनिक कार्यों में अभी हमारा कोई दखल नहीं है। जब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम होगा, तब जरूर इससे संबद्ध अधिकारियों-कर्मचारियों को बिना अनुमति नहीं हटाया जा सकेगा। पदस्थापना को लेकर चुनाव आयोग के स्थायी आदेश हैं, जिनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।होंगे तबादले, एक स्थान पर तीन साल पूरे करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हटाए जाएंगे



## माध्यमिक शाला कोढनपुरवा में आज भी शौचालय का सही क्रियान्वयन नहीं किया गया

**गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे**

पन्ना- देवेंद्रनगर। पन्ना जिले के देवेंद्रनगर अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली माध्यमिक शाला कोढ़नपुरवा में आज भी शौचालय को ठीक तरीके से नहीं बनाया गया है 1 वर्ष पूर्व पुष्पांजली टुडे के माध्यम से शाला का निरीक्षण किया गया जिसमें खबर प्रसारित की गई थी कि शौचालय का सही क्रियान्वयन नहीं किया गया शौचालय में गेट नहीं लगाए बैठे जो साला कक्षा 6वी से 8वी तक संचालित है किंतु उसमें छात्र छात्राओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता किंतु शासन ने आज भी उसकी सुध नहीं ली जबकि प्रशासन स्वच्छता अभियान को लेकर बहुत बड़े-बड़े जागरूकता अभियान चला रही है किंतु प्रशासन की ही सरकारी स्कूल में शौचालय का क्रियान्वयन नहीं किया गया आज भी खुले में छात्राएं शौच के लिए जाते हैं क्या पन्ना जिले के प्रशासन से यही उम्मीद लगाई जा सकती है की ग्रामीण अपनी छात्र छात्राओं को खुले में जाने के लिए मजबूर रहेंगे क्या इस माध्यमिक शाला में ग्रामीण ग्रामीणों के बच्चे अपना प्रवेश ना लें या फिर प्रशासन सुध लेगी की शाला के शौचालय का मरम्मत करवाई जाए और बाउंड्री गेट लगाया जाए जिससे छात्राएं और विद्यालय की संपत्ति सुरक्षित रहे।

## श्री सोमणजी ने आज पाटन में विश्व विरासत स्थल रानी की वाव का दौरा किया

**निल कुमार, पुष्पांजली टुडे**



**पाटन/गुजरात।** श्री योगेश सोमण जिन्होंने फिल्म में उरी मनोहर पर्रिकरजी की भूमिका का किरदार निभाया था और फिल्म दृश्यम् मे इंस्पेक्टर सावंत की भूमिका निभाने वाले श्री.सोमणजीनेआज पाटन में विश्व विरासत स्थल रानी की वाव का दौरा किया और डॉ. आशुतोष पाठक के साथ एक संक्षिप्त मुलाकात भी की। शिल्प स्थापत्य देख कर वे आनंदित हुए और पाटणकी प्राचीन विरासत के बारेमे धन्यता का अनुभव किया। सोमणजी एक अच्छे अदाकार होने के साथ साथ मुंबई विद्यापीठ मे ड्रामेटिक विभाग के अध्यक्ष भी है और युवा छात्रो को अदाकारी के पाठ पढाते है।



## नवांगत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने संभाली जिले की कप्तानी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### डॉक्टर हनुमानजी के दर्शन करने के बाद संभाली जिले की कमान

**भिण्ड ।** नवागत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जिले के कप्तान का चार्ज संभालने से पहले जिले के प्रसिद्ध धाम डॉक्टर हनुमानजी के दर्शन किये,उसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय भिण्ड पहुँचकर पदभार ग्रहण किया । तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान को मुरैना की कमान सौंपी गई है, उन्होंने नवागत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को चार्ज सौपकर मुरैना के लिए रवाना हो गये। नवागत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे व डीएसपी, सीएसपी,समस्त थाना प्रभारियों सहित स्टाफ के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं मीडियाकर्मियों से मुलाकात की। नए एसपी ने चार्ज संभालते ही सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ कार्य करने व लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

## दुबई करेगा ग्लोबल चेस लीग के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी

दुबई 04 मई,। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के संयुक्त उपक्रम ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) ने दुबई को अपने उद्घाटन संस्करण के लिये मेजबान स्थल के रूप में चुना है। आयोजकों ने इसकी घोषणआ की। इस अवसर पर दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ अमन पुरी, पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन और फिडे उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद, टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपी गुरनानी, ग्लोबल चेस लीग बोर्ड के चेयरमैन जगदीश मित्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दुनिया की सबसे बड़ी और पहली फ्रेंचाइजी-आधारित शतरंज लीग अपने मेजबान साझेदार दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सहयोग से ग्लोबल सिटी का रूप ले चुके दुबई में आयोजित की जाएगी। जीसीएल के उद्घाटन संस्करण की मेजवानी को लेकर दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के महासचिव महामहिम सईद हरेब ने कहा, ग्लोबल चेस लीग की मेजबानी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। लीग को लेकर फिडे और टेक महिंद्रा का विजन सही



मायने में नए दर्शकों के लिए शतरंज के खेल को नए रूप में पेश करेगा और मौजूदा प्रशंसकों को इस खेल से पहले से कहीं अधिक प्यार करने में मदद करेगा। हम दुनिया भर के चैंपियनों का दुनिया की नयी खेल राजधानी के रूप में तैयार हो रहे दुबई में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। ग्लोबल चेस लीग नए प्रारूप के साथ दुनिया का ध्यान आकर्षित करेगा और खेल के लिए एक नयी व्यवस्था का निर्माण करेगा। इस व्यवस्था के बूते शतरंज की अपनी क्षमता दिखाने के लिये दुनिया भर के चैंपियनों को एक बेहतरीन मंच मिलेगा। विश्वनाथन आनंद ने कहा, दुबई विभिन्न खेल आयोजनों को आकर्षित करता रहा है। दुबई एक्सपो के दौरान 2021 में दुबई में विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन एक बड़ी सफलता थी। इसी तरह, मेरा मानना है कि जीसीएल शतरंज प्रेमियों को नये तरह का अनुभव देगी। इसका अनूठा टीम प्रारूप शतरंज के विकास में योगदान देगा। ग्लोबल चेस लीग के पहले संस्करण का आयोजन 21 जून से दो जुलाई, 2023 के बीच होगा। इसमें प्रत्येक टीम में कम से कम दो महिला खिलाडियों और एक नामचीन खिलाड़ी सहित कुल छह खिलाड़ी शामिल होंगे। राउंड-रॉबिन प्रारूप में छह टीमें हिस्सा लेंगी और प्रत्येक टीम 10 मैच खेलेगी। फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, हम दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ दुबई में ग्लोबल चेस लीग के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करने के लिये अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस शहर ने खुद को एक विश्व स्तरीय आयोजन स्थल के रूप में स्थापित किया है और कई अन्य खेलों से जुड़ी लीग्स के अलावा इसने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2021 की मेजबानी की है, जो एक बड़ी सफलता थी। हम ग्लोबल चेस लीग के पहले संस्करण को यादगार बनाने के लिए इससे बेहतर मेजबान के बारे में नहीं सोच सकते थे। ग्लोबल चेस लीग में प्रत्येक मैच में छह बोर्ड होंगे, जिन पर एक साथ मुकाबला किया जायेगा। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें दो जुलाई को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और उन्हें विश्व चैंपियन फ्रेंचाइजी टीम का ताज पहनाया जाएगा। ग्लोबल चेस लीग बोर्ड के अध्यक्ष जगदीश मित्रा ने कहा, दुबई पिछले एक दशक में एक प्रमुख ग्लोबल स्पोर्ट्स और बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। यूएई की डिजिटल इकोनामी को मजबूत करने और ग्लोबल नॉलेज हब के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका उल्लेखनीय रही है।

## आईपीएल से सन्यास मगर मैंने तो अभी तय नहीं किया : धोनी

लखनऊ 04 मई,। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास ले चुके भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में भी नजर आ सकते हैं। इकाना स्टेडियम पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टास जीतने के बाद क्रिकेटर से कमेंटेटर बने न्यूजीलैंड के पूर्व धाकड़ गेंदबाज डेनी मारसन ने मजाकिया अंदाज में धोनी से पूछा क्या आप अपना आईपीएल के अपने अंतिम सत्र का लुत्फ उठा रहे हैं, इस पर हाजिर जवाब धोनी




ने अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ जवाब दिया यह आपने तय किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है। मैने फिलहाल अभी इस बारे में कुछ तय नही किया है। गौरतलब है कि धोनी ने पिछले साल 15 अगस्त को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद से उनके इंडियन प्रीमियर लीग से भी सन्यास लेने की अटकले शुरू हो चुकी हैं। आज इकाना स्टेडियम पर हजारों की तादाद में प्रशंसक धोनी की हौसलाफजाई करने आये थे।

## तोमरघार (चौरासी) के प्रसिद्ध मंदिर पांडरी वाले बाबा पर भव्य राम कथा का आयोजन 15 मई से

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद के ग्राम पंचायत जसरथपुरा, लोधे की पाली व चंदोखर के मध्य में विराजमान संत पांडरी वाले बाबा का मंदिर देश के कोने कोने में विख्यात हैं यहां दूज, दशेहरा मेला लगता है तथा सचे मन से आने वाले भक्तों की सभी मुरादे पूर्ण होती हैं देश के कोने कोने से लोग अपनी अर्जी लेकर आते है लोगो का मानना है कि बाबा की कृपा से सभी भक्तो के दर्शन मात्र से सभी दुख दूर हो जाते है इसलिए लोगो की पांडरी वाले बाबा पर अटूट विश्वास है पांडरी वाले बाबा सत्संग परिवार के द्वारा भव्य राम कथा का आयोजन 15 मई से प्रारम्भ होने जा रही है जिसका समापन 22 मई को होगा रामकथा कथावाचक जगतगुरु शंकराचार्य कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपचार्यजी के मुखारबिंद से होगी। नौ दिवसीय राम कथा की अध्यक्षता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री राम भूषण दास जी महाराज करेगे आयोजित राम कथा के मुख्य यजमान एव परिक्षित श्री श्री 1008 श्री संत पांडरी वाले बाबा जी महाराज व सेवक श्री भारत सिंह तोमर होंगे। पांडरी वाले बाबा धाम श्री राम कथा का आयोजन पांडरी वाले बाबा सत्संग परिवार द्वारा किया जा रहा है।



**दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को पुलिस ने घसीटा**

## पहलवानों के हक में मार्च निकाल रहे थे; पहलवानों ने भी सिक्योरिटी लौटाई

**पानीपतझ्ररेवाड़ी।** उधर, भारतीय कुश्ती संघ (ङ्खस्नढ्ढ) के अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों का दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना जारी है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी लौटा दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें सुरक्षा दी गई थी, जिसमें 12-12 घंटे की शिफ्ट में एक-एक सिपाही उनके साथ रखा गया था। खिलाड़ियों ने कहा कि अगर वे जंतर-मंतर पर भी सुरक्षित नहीं है, तो कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। वे यहां शांतिपूर्वक अपना धरना दे रहे हैं। यहां रोजाना उनके समर्थन में लोग आ रहे हैं और जा रहे हैं, मगर उन्हें किसी से भी कोई दिक्कत नहीं है। बुधवार को इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (ढ्ढह्र) की अध्यक्ष पीटी उषा जंतर-मंतर पहुंचीं। यहां उन्होंने धरने पर बैठे रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मालिक और बाकी पहलवानों से बातचीत की। इस दौरान बजरंग पूनिया ने कहा कि पीटी उषा ने बोला कि वे हमारे साथ खड़ी हैं और हमें न्याय दिलाएंगीं। वे पहले एक एथलीट हैं और फिर कुछ और। बजरंग ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के जेल जाने तक हम यहीं रहेंगे। इससे पहले पीटी उषा ने धरने का विरोध करते हुए कहा था कि इससे देश की छवि खराब हो रही है। इसके जवाब में रेसलर्स ने कहा था कि उनसे ऐसे बयान की उम्मीद नहीं थी। उधर, विनेश फोगाट ने कहा कि हमने केंद्रीय खेल मंत्री (अनुराग ठाकुर) से बात करने के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया



था और सभी एथलीटों ने उन्हें यौन उत्पीड़न के बारे में बताया था। एक कमेटी बनाकर उन्होंने मामले को दबाने की कोशिश की, उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। विनेश ने खुलासा किया कि जंतर-मंतर पर बैठने से तीन-चार महीने पहले हम एक अधिकारी से मिले थे। हमने उन्हें सब कुछ बताया था कि कैसे महिला एथलीटों का यौन उत्पीड़न हो रहा है और मानसिक रूप से उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हम धरने पर बैठे गए। एक शक्तिशाली व्यक्ति के खिलाफ खड़ा होना मुश्किल है, जो लंबे समय तक अपनी शक्ति और स्थिति का दुरुपयोग करता रहा। वहीं पहलवानों की मांगों को लेकर भाजपा सांसद मेनका गांधी ने समर्थन किया है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है, भगवान करे उन्हें न्याय मिले। बृजभूषण के सवाल उठाने के बाद दैनिक भास्कर ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी महावीर फोगाट से बातचीत की। फोगाट ने कहा कि बृजभूषण झूठ बोल रहा है। यहां मामला परिवार या कुश्ती संघ पर कब्जे का नहीं बल्कि रेसलर्स के यौन शोषण का है, बात उसी पर होनी चाहिए। मेरे पास एक लड़की आई थी। उससे बृजभूषण पूछ रहा था कि मैं धोती-कुर्ते में अच्छा लगता हूं या पैंट-शर्ट में। दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती संघ (ङ्खस्नढ्ढ) के अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ पहलवानों का धरना 11 दिन से जारी है। उन्हें दिग्गज नेता समेत एक्टर और खिलाड़ी समर्थन दे रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने पहलवानों के समर्थन में मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने उन्हें घसीटते हुए हिरासत में लिया। जिसमें कई छात्राओं को चोटें आई हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, %%जिन अध्यक्ष के घर आप आते थे, शादी में बुलाते थे, परिवार में आते थे, घुल-मिलकर रहते थे, जैसे एक परिवार हों। तब आपने कोई गोपनीय शिकायत नहीं की। आपको तब सारी दिक्कत हो जाती है, जब मैं एक पॉलिसी लेकर आता हूं। ओलिंपिक में कौन जाएगा, कौन नहीं जाएगा, ये नियम बनाता हूं, तब आपको तकलीफ होती है। कुश्ती में सामान्य परिवार के बच्चे आते हैं। कहीं न कहीं उनके माता-पिता अपनी जरूरतों में कटौती करके बादाम-घी का इंतजाम करते हैं। वे उम्मीद रखते हैं कि बेटा नेशनल, इंटरनेशनल खेलेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिस मोदी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, जिस योगी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, दुनिया का कोई देश खिलाड़ियों को इतनी सहूलियत या पैसा नहीं देता, जितना हमारा देश देता है। कई देश तरसते हैं कि काश, हमें भारत से मौका मिलता।

# बड़े बैनर छोड़ केजीएफ स्टार यश ने इस निर्देशक से मिलाया हाथ, जल्द होगी घोषणा



केजीएफ के प्रशंसक अपने सुपरस्टार यश की अगली फिल्म की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, यश अपना अगला प्रोजेक्ट साइन करने से पहले कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते और वह सोच-समझकर अपने लिए अच्छी फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि केजीएफ की सफलता के बाद यश किसी बड़े निर्माता-निर्देशक संग काम कर सकते हैं, लेकिन खबर है कि यश ने निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ हाथ मिलाया है। खबर के अनुसार, गीतू मोहनदास और यश पिछले साल से ही एक प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे थे। जब गीतू अपने कॉन्सेप्ट के साथ यश के पास आई, तो यश इससे काफी प्रभावित हुए। जहां हर कोई यश के भारतीय सिनेमा के किसी दिग्गज नाम के साथ साझेदारी की उम्मीद कर रहा था, वहीं यश ने अपने लिए ठोस स्क्रिप्ट को चुना है। वह मलयालम फिल्म जगत की सम्मानित निर्देशक के साथ हाथ मिलाने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अगले एक महीने के अंदर यश की नई फिल्म यश 19 की घोषणा हो सकती है। यश और गीतू के बीच बातचीत का अंतिम चरण चल रहा है और 15 दिनों में दोनों औपचारिकताएं पूरी कर सकते हैं। सबकुछ सही रहा तो जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। इसे अगले साल रिलीज करने की योजना है। फिल्म की अन्य जानकारियों के लिए प्रशंसकों को इसके आधिकारिक ऐलान का इंतजार करना होगा। गीतू की बात करें तो वह मलयालम सिने जगत की जानीमानी नाम हैं। वह लायर्स डाइस और द एल्डर वन जैसी फिल्में बना चुकी हैं। गीतू 2 बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीत चुकी हैं। इससे पहले यश का नाम अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र से भी जुड़ा था। ब्रह्मास्त्र 2 में दीपिका पादुकोण के होने की पुष्टि के बाद फिल्म में मुख्य अभिनेता के नाम पर तरह-तरह की चर्चा हो रही थी। पहले फिल्म से रणवीर सिंह और ऋतिक रोशन का नाम जोड़ा गया। इसके बाद खबरें आई कि फिल्म में यश मुख्य भूमिका निभाएंगे । हालांकि, निर्माताओं ने इन सभी खबरों का खंडन कर दिया था। केजीएफ में रॉकी भाई का किरदार निभाकर यश सिनेमा की दुनिया में छा गए थे। केजीएफ 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद 2022 में आई केजीएफ 2 ने भी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े थे। फिलहाल केजीएफ 3 पर काम जारी है। निर्माता विजय किरांगदुर इस फ्रैंचाइजी को मार्वल यूनिवर्स के तर्ज पर बनाने की योजना कर रहे हैं।

# मानुषी छिल्लर ने तोड़ी बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा होने पर चुप्पी



मिस वर्ल्ड 2017 और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर सम्राट पृथ्वीराज से अक्षय कुमार के साथ बॉलीवुड में कदम रखने के बाद से ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। काफी समय से खबरें आ रही थीं कि मानुषी एक बार फिर अक्षय के साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। कहा जा रहा था कि वह अक्षय और टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा हैं। अब हाल ही में मानुषी ने इस बारे में बात की है। 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2023 के रेड कार्पेट पर रुद्राणी चट्टोराज के साथ खास बातचीत के दौरान मानुषी ने बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा बनने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी। मानुषी ने मुस्कराते हुए कहा, अगर मैं ये फिल्म कर रही हूं तो यह बहुत अच्छा होगा। इसे लेकर टाइगर उत्साहित हैं, जो भी काफी अच्छा है। अक्षय के साथ दोबारा काम करने के बारे में मानुषी ने कहा कि वह अभिनेता के साथ एक और फिल्म करना पसंद करेंगी। बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग जनवरी में शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी निर्देशक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दी थी। इस फिल्म में साउथ के मशहूर सितारे पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसके अलावा आलया एफ के भी फिल्म का हिस्सा होने की खबरें हैं। कहा जा रहा है कि वह टाइगर के साथ नजर आएंगी। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभिनेत्रियों के नाम को लेकर जानकारी नहीं दी गई है। बड़े मियां छोटे मियां 1998 में आई डेविड धवन की इसी नाम की फिल्म का रीमेक है, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा नजर आए थे। वाशु और जैकी भगनानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में टाइगर और अक्षय पहली बार साथ नजर आने वाले हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर जारी कर क्रिसमस 2023 पर रिलीज करने का ऐलान हुआ था। टीजर में अक्षय और टाइगर एक्शन अवतार में नजर आ रहे थे। मानुषी अब जॉन अब्राहम के साथ तेहरान में एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं, जिसका निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है। इसके अलावा मानुषी विक्की कौशल के साथ द ग्रेट इंडियन फैमिली का भी हिस्सा हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। अभिनेत्री एक अनटाइटल्ड फिल्म वीटी 13 में वरुण तेज के साथ भी दिखाई देंगी। यह फिल्म हिंदी और तेलुगू में रिलीज होगी, जिसका पिछले महीने ही टीजर जारी हुआ था।

# भंसाली की शरण में रणवीर सिंह, बैजू बावरा से वापसी की तैयारी





बीते दिनों यह खबर सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई कि यशराज फिल्म्स ने रणवीर सिंह से किनारा कर लिया है, क्योंकि उनकी पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी हैं और अब यशराज फिर जोखिम उठाने के मूड में नहीं है। हालांकि, अब आदित्य के एक करीबी दोस्त ने इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है और साथ ही इस खबर से पर्दा हटा दिया है कि रणवीर की अगली बड़ी फिल्म कौन-सी होगी। आदित्य के दोस्त ने बताया, इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। आदित्य, रणवीर से प्यार करते हैं और वह आगे भी उनके साथ काम करना चाहेंगे। फिलहाल वह दूसरे बड़े निर्माताओं के साथ अपनी नई कहानियों पर चर्चा कर रहे हैं। सूत्र ने आगे कहा कि संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा से रणवीर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी में हैं और यह रणवीर के करियर की अब तक की सबसे बड़ी हिट फिल्म होगी। सूत्र ने आगे ये भी कहा, जिस तरह से अपने जमाने के सुपरस्टार राजेश खन्ना ने यशराज फिल्म्स की दाग से पर्दे पर जबरदस्त कमबैक किया था। हाल ही में जैसे 4 साल बाद शाहरुख खान ने पठान के जरिए बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया, बिल्कुल वैस ही रणवीर की बड़ी वापसी होने वाली है। सूत्र के मुताबिक, रणवीर आगे चलकर इस कानाफूसी अभियान का शिकार हो सकते हैं कि उन्हें बैजू बावरा से निकाल दिया गया है। सूत्र ने यह भी कहा कि रणवीर का नाम बैजू बावरा के लिए तय हो चुका है। उनके साथ फिल्म में आलिया भट्ट नजर आने वाली हैं। भंसाली, दोनों के साथ काम करने का मन बना चुके हैं। भंसाली ने रणवीर को उनके करियर की सुपरहिट फिल्में दी हैं, चाहे वो रामलीला हो, पद्मावत हो या बाजीराव मस्तानी। बता दें कि रणवीर की 83 से लेकर जयेशभाई जोरदार और सर्कस जैसी पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी हैं। बैजू बावरा की कहानी 1952 में इसी नाम से आई सुपरहिट म्यूजिकल ड्रामा फिल्म पर आधारित होगी। यह फिल्म एक संगीतकार के जीवन पर आधारित है, जो अपने पिता की मृत्यु का बदला अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन से लेता है। रणवीर की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह सबसे पहले करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे।

# अक्षय कुमार के साथ अंधाधुन की रीमेक बनाने की योजना बना रहे रोहित शेट्टी?




आयुष्मान खुराना की 2018 की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म अंधाधुन समीक्षकों और दर्शकों को खूब पसंद आई थी। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आयुष्मान ने एक दृष्टिहीन व्यक्ति का किरदार निभाया था। वह वास्तव में दृष्टिहीन या इसका नाटक कर रहा है, इसका पता पूरी फिल्म देखने के बाद चलता है। अब खबर है कि रोहित शेट्टी इस फिल्म का रीमेक बनाने की योजना बना रहे हैं। इसको लेकर अन्य जानकारियां भी सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार रोहित शेट्टी अंधाधुन की रीमेक बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इस फिल्म का नाम अंधाधूम होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो अंधाधूम में रोहित की हर फिल्म की तरह कार चेजिंग सीन और एक्शन सीन की भरमार होगी। श्रीराम राघवन की फिल्म को रोहित के चश्मे से देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। भले ही रोहित ने अभी फिल्म या स्टारकास्ट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी न दी हो, लेकिन स्क्रिप्ट में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण और अजय देवगन के नाम का जिक्र है। इसके मुताबिक, फिल्म में अक्षय एक पियानिस्ट की भूमिका निभाएंगे। अंधाधुन में आयुष्मान पियानिस्ट की भूमिका में नजर आए थे। उनके साथ फिल्म में दीपिका नजर आएंगी। फिल्म में अजय नकारात्मक भूमिका निभाएंगे। अजय और अक्षय को पर्दे पर साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा न होने से दर्शक यह भी कयास लगा रहे हैं कि ये जानकारी रोहित की फिल्म सिंघम अगेन की हो सकती हैं। सिंघम अगेन में अजय और दीपिका के होने की घोषणा हो चुकी है। अंधाधुन 2018 में आई थी। फिल्म में आयुष्मान के साथ तब्बू और राधिका आप्टे मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में तब्बू के किरदार का एक सच, आयुष्मान के किरदार की जिंदगी बदल देता है। इस रोमांचक फिल्म में हर पल एक नया मोड़ आता है। अंधाधुन नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। इस फिल्म का तमिल और मलयालम में रीमेक बन चुका है। रोहित शेट्टी की पिछली फिल्म सर्कस पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म न समीक्षकों को पसंद आई थी और न ही दर्शकों को। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप हो गई। सर्कस के बाद अब वह अपनी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स पर काम कर रहे हैं। अमेजन प्राइम की इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय नजर आएंगे।

## रिया चक्रवर्ती बनीं एमटीवी रोडीज 19 में गैंग लीडर


रिया चक्रवर्ती लगभग 3 साल बाद पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह जल्द एमटीवी रोडीज के आगामी सीजन 19 में गैंग लीडर के रूप में नजर आएंगी। इस सीजन को अभिनेता सोनू सूद होस्ट करने वाले हैं और शो के 3 गैंग लीडर के रूप में रिया, प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी का नाम सामने आया है। रिया ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एमटीवी रोडीज 19 का प्रोमो भी साझा किया है, जिसमें वह बेखौफ अंदाज में नजर आईं। वीडियो में रिया कहती हैं, आपको क्या लगा मैं वापस नहीं आऊंगी। डर जाऊंगी। डरने की बारी किसी और की है। मिलते हैं ऑडिशंस पर। एमटीवी रोडीज 19 का हिस्सा बनने पर रिया ने कहा, मैं एमटीवी रोडीज कर्म या कांड का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, यह बहुत पॉपुलर रियलिटी शो है। एमटीवी के साथ काम करना घर वापसी जैसा लगता है। मैं सोनू सूद और अपने साथी गैंग लीडर्स के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।रिया की पेशेवर जिंदगी के बारे में बात करें तो उन्हें पिछली बार फिल्म चेहरे में देखा गया था। इसके अलावा रिया मेरे डैड की मारुति, जलेबी, हाफ गर्लफ्रेंड और बैंक चोर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# ईशा तलवार को सास बहु और फ्लेमिंगो के सेट पर डिंपल कपाड़िया के साथ हार्मोनियम बजाना अच्छा लगता है



एक्ट्रेस ईशा तलवार ने सास बहु और फ्लेमिंगो' के शो पर जानी-मानी अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया के साथ हार्मोनियम बजाने की प्रैक्टिस के अनुभव साझा किए। ईशा ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने डिंपल कपाड़िया से जुड़ी सबसे बेवकूफी वाली बात यह की कि हार्मोनियम लेकर सरगम की प्रैक्टिस करने उनके रूम में चली गई। मैं कोई एक्सपर्ट नहीं हूं। अक्सर मैं अकेली ही प्रैक्टिस करती हूं क्योंकि यह सबसे सुरक्षित विकल्प है। लेकिन जब डिंपल ने हार्मोनियम देख लिया तो मैंने उनके रूम में उनके लिए बेसिक धुन बजाई और हमने छोटे बच्चों की तरह प्रैक्टिस की।ईशा ने क्षेत्रीय और हिंदी सिनेमा में काम किया है। वह ट्यूबलाइट', आर्टिकल 15', शर्माजी नमकीन', रन बेबी रन' जैसी फिल्मों में आ चुकी हैं।उन्होंने मिर्जापुर', रोज रोज' और अन्य वेब शो में भी काम किया है।ईशा ने बताया कि डिंपल ने कैसे गाना और हार्मोनियम बजाना इन्जॉय किया। उन्होंने कहा, उन्होंने साथ-साथ गाया और मेरे लिए उस यादागार दोपहर की अंत गर्मजोशी के साथ उनके गले लगने से हुई। उन्होंने अपनी जिंदगी के कुछ मीठे किस्से भी सुनाए।इस शो में सास-बहु के रिश्ते को नया आयाम दिया गया है और इसे नये सिरे से डिफाइन करने की कोशिश की गई है।शो में डिंपल कपाड़िया ने सावित्री का रोल किया है जो एक कंपनी चलाती है और उसकी आड़ ड्रग्स का धंधा करती है।वह अपने परिवार की मुखिया है जिसमें उनके अलावा तीन और महिलाएं हैं ङ्क उनकी दो बहुएं और एक बेटी।मैडॉक फिल्म्स इस शो का निर्माता है जबकि इसके निर्देशक होमी अदजानिया हैं। इसमें डिंपल कपाड़िया, राधिका मदान, अंगिरा धर और ईशा तलवार मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आशिष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और मोनिका डोगरा भी हैं।सास बहु और फ्लेमिंगो' डिजनीप्लस हॉटस्टार पर 5 मई को रिलीज हो रहा है।

# रिवीलिंग ड्रेस में मौनी रॉय ने दिखाईं सेक्सी अदाएं, हुस्न से ढा दी ऐसी कयामत देखते रह गए लोग



बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस ना सिर्फ अपने एक्टिंग स्किल्स बल्कि अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। बता दें कि बीती रात एक स्टाइल आइकन अवॉर्ड शो में एक्ट्रेस ने शिरकती की थी। जहां उनका हॉट लुक्स फैंस के बीच छा गया था। टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय को स्टाइल आइकन अवॉर्ड शो में स्पॉट किया था जिसमें वो बेहद ही शानदार लग रहीं थीं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही यूनिक लुक को चुना था। बता दें कि मौनी रॉय ने फेमस डिजाइनर डॉली जे के कलेक्शन से पिंक और सिल्वर कलर का ब्राइडल कॉलम गाउन केरी किया था। अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में मौनी रॉय बेहद ही स्टनिंग और हॉट लग रही थीं कि उनसे नजरें तक हटा पाना मुश्किल हो गया था। ओपन स्ट्रेट हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस मौनी रॉय खुद को खूबसूरत और ग्लैमरस प्रेजेंट करने का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने अपने इस लुक से भी एक बार फिर फैंस के छक्के छुड़ा दिए हैं। बता दें मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

# एल्नाज नोरोजी ने कंधार में जेरार्ड बटलर के साथ काम करने का अनुभव साझा किया

ईरानी-जर्मन मॉडल और अभिनेत्री एल्नाज नोरोजी ने अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कंधार' में स्कॉटिश अभिनेता और फिल्म निर्माता जेरार्ड बटलर के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। जेरार्ड ने एक मिशन के दौरान अफगानिस्तान में फंसे सीआईए ऑपरेटिव टॉम हैरिस की भूमिका निभाई है। एल्नाज ने कहा = जेरार्ड के साथ काम करना न केवल एक निर्माता के रूप में, बल्कि सह-कलाकार के रूप में भी जादुई था, वह बहुत मजेदार और शीर्ष पर सुपर अच्छा है। कंधार' एक ऐसा अनुभव है, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।एल्नाज पाकिस्तानी फिल्म मान जाओ ना' और हिंदी फिल्म हैलो चार्ली' में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। वह गुरु रंधावा के साथ म्यूजिक वीडियो मेड इन इंडिया' और वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स' में भी नजर आई थीं। अभिनेत्री ने जेरार्ड के कामों के लिए अपनी पसंद को साझा किया, जिसमें टुमॉरो नेवर डाइज', टेल ऑफ द ममी', टाइमलाइन', अन्य शामिल हैं और कहा = मुझे याद है कि मैं जेरार्ड की फिल्में देखती थी और मैं उस पर क्रश हुआ करती थी क्योंकि मैं रिक सर का भी आभारी हूं कि उन्होंने फिल्म के माध्यम से हमें इतनी अच्छी तरह से मार्गदर्शन किया। मैं एक हॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत खुश हूं।कंधार' का निर्देशन रिक रोमन वॉ ने किया है। इस फिल्म में नावीद नेगहबान, अली फजल, बहादोर फौलादी, ट्रैविस फिमेल भी हैं। यह अमेरिका में 26 मई को रिलीज होगी। वर्क फ्रंट पर कंधार' के अलावा एल्नाज मेड इन हेवन सीजन 2' में भी नजर आएंगी।



# बाल भवन में 7 मई को 14 श्रेणियों में दिया जाएगा देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान समारोह, तैयारियां जोरों पर

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के तत्वावधान में आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन 7 मई रविवार को दोपहर 2 बजे बाल भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि इस वर्ष यह पुरस्कार 14 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए न्यास के अध्यक्ष दीपक सचेती, कार्यक्रम संयोजक राजीव अग्रवाल एवं सह संयोजक रवि उपाध्याय ने फूलबाग स्थित प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अस्मिता एवं पत्रकारिता विषय पर आयोजित समारोह के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदी साहित्य भारती रविन्द्र शुक्ल होंगे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हरिमोहन शर्मा एवं अध्यक्षता मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष दीपक सचेती करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों में बेहद उत्साह है। इसे देखते हुए पत्रकारिता सम्मान की श्रेणियों




की संख्या 14 की गई है। यहां बता दें कि पिछले 17 वर्षों से नारद जयंती पर जनकल्याणकारी, समाजोन्मुखी पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसी श्रेष्ठ जीवनशैली को अंगीकार करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए संवाद और पत्रकार सम्मान की परंपरा लगातार जारी है। इसमें वृद्धि करते हुए इसे आंचलिक और प्रादेशिक स्तर के पत्रकारों के सम्मान को जोड़ा गया है। सम्मानित होने वाले पत्रकारों के चयन के लिए वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया है।कार्यक्रम के प्रचार एवं प्रसार के लिए शहर में होडिंग और बैनर लगाए गए हैं।आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया है।इस अवसर पर डॉ.निशांत शर्मा, दिनेश चाकणकर, प्रवीण दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**इन श्रेणियों में मिलेगा सम्मान**–श्रेष्ठ प्रवासी पत्रकार सम्मान,श्रेष्ठ पत्रकारिता सम्मान,श्रेष्ठ संवाददाता सम्मान, श्रेष्ठ महिला पत्रकार सम्मान, श्रेष्ठ सांध्य दैनिक सम्मान,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सम्मान, एफएम सम्मान, आंचलिक पत्रकारिता सम्मान,श्रेष्ठ लघु समाचार पत्र सम्मान,श्रेष्ठ छायाकार सम्मान,पत्रकारिता शिक्षक सम्मान,वेब पोर्टल/डिजिटल मीडिया सम्मान, नागरिक पत्रकारिता सम्मान, नवोदित पत्रकार सम्मान।



# विद्यार्थियों के लिए संजीवनी है योगः चाकणकर विद्यार्थियों को कराया ध्यान

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। विद्यार्थियों के लिए योग संजीवनी है। इससे बच्चों के मन-मस्तिष्क में स्थिरता आती है और बच्चों को अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में भी पूर्ण रूप से सहायता मिलती है। उपरोक्त उदगार जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने सीएम राइस विद्यालय शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर तथा कन्या ग्वालियर में आयोजित समर कैंप के विद्यार्थियों से योगाभ्यास के दौरान व्यक्त किए। श्री चाकणकर ने कहा कि योग के चमत्कार को तो पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है इसी वजह से दुनिया के अधिकांश देशों में योग शिक्षा को अनिवार्य किया गया है। योग के प्रभाव को देखते हुए आज चिकित्सक एवं वैज्ञानिक योग के अभ्यास की सलाह देते हैं। योग साधु-संतो के लिए ही नहीं वरन् समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर हार्टफुलनेस प्रशिक्षक डॉक्टर बिंदु सिंघल एवं नागेंद्र शर्मा ने बच्चों को रिलैक्सेशन कराते हुए ध्यान कराया। इससे पूर्व योग क्लब प्रभारी श्रीकांत मिश्रा ने बच्चों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर विकासखंड योग प्रभारी गोविंद मेहरोत्रा , संजय कुमार गुप्ता जी तथा उप प्राचार्य अहिवरन सिंह जी भी मौजूद थे।

## समर कैंप में होगा बच्चों का सर्वांगीण विकासः कटियार

ग्वालियर जिले के सभी सीएम राइज विद्यालयों में एक मई से 13 मई तक छात्रों के लिए समर कैंप लगाए जा रहे हैं। इसमें बच्चे खेल खेल में नई-नई चीजें सीख रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार ने बताया कि इन समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए फिजिकल एक्टिविटी के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट सहित अन्य रोचक गतिविधियां कराई जा रही है।

# ग्रीन कॉरिडोर बनाकर प्राइवेट अस्पताल से मरीज को मात्र 13 मिनट में निरावली तक पहुंचाया

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल से एक गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए दिल्ली शिफ्ट कराने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्बुलेंस को ग्वालियर की सीमा तक निकालने हेतु अनुरोध किया गया था। मामले की गंभीरता तथा मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) ऋषिकेश मीणा को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्बूलेंस ग्वालियर की सीमा तक पहुंचने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) द्वारा दोपहर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज की एम्बुलेंस को मुरैना की सीमा तक पहुंचने हेतु यातायात ग्वालियर व थाना बल के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को लगाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) के मार्गदर्शन में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर रूप से बीमार मरीज को सकुशल मुरैना बार्डर तक पहुंचने के लिये डीएसपी यातायात नरेश बाबू अन्नोटिया, विक्रम सिंह कनपुरिया, बैजनाथ प्रजापति, थाना प्रभारी यातायात पूर्व हिमांशु



तिवारी, थाना प्रभारी मध्य सोनम पाराशर, थाना प्रभारी पश्चिम अभिषेक रघुवंशी व यातायात पुलिस ने लगभग 70 अधिकारी व कर्मचारी लगाये गये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) ऋषिकेश मीणा द्वारा मरीज की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर आज दोपहर 2 बजे विकास नगर, ग्वालियर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल से मुरैना बॉर्डर निरावली तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इसमें यातायात पुलिस ग्वालियर एवं थाना बल को ड्यूटी में लगाया गया। ग्रीन कॉरिडोर के दौरान यातायात व्यवस्था हेतु यातायात के जवानों को एम्बुलेंस के जाने हेतु बनाये गये ग्रीन कॉरिडोर के मार्गों पर लगाया गया। ग्वालियर में पहली बार ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल से एम्बुलेंस के द्वारा मरीज को मात्र 13 मिनट में निरावली तक पहुंचाकर मुरैना सीमा पर मरीज को सुरक्षित मुरैना के पायलट को सौंपा गया। मरीज की जान बचाने के लिए ग्वालियर पुलिस द्वारा बनाये गये ग्रीन कॉरिडोर में लगे पुलिस जवानों में भी मुस्तैदी देखने को मिली। ग्वालियर पुलिस मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।

# भगवान बुद्ध मानव कल्याण के रक्षक थेः देवेन्द्र शर्मा



**ग्वालियर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व एवं विधायक सतीश सिकरवार की उपस्थिती में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर पंचशील नगर में भव्य कार्यक्रम में भगवान बुद्ध को नमन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक सतीश सिकरवार ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यपर्ण करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने मानव कल्याण, जनहित की भलाई भय और नफरत मिटाने के लिए सत्य का मार्ग अपनाया, बिहार के गया बौद्ध में ज्ञान प्राप्त कर सारे विश्व में इस ज्ञान का प्रकाश किया। उन्होने जाति, वर्ग से उपर उठकर मानव कल्याण में अपना जीवन समर्पित किया आज उनके जीवन की कार्यशैली प्रेरणा संसार अपना रहा है, धर्म कोई भी रहा हो, सभी धर्मों का एक ही लक्ष्य रहा सत्य का मार्ग अपनाना, भय और नफरत मिटाना, भाईचारा बनाए रखना जिससे संसार में मानवता बची रहे, आज हम सभी को भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलकर उनके संदेश के अनुरूप बुराईयों को समाप्त करके सत्य के मार्ग पर चलना है। कार्यक्रम में चतुर्भुज धनोलिया, सुधीर मंडेलिया, पार्षद प्रमोद खरे, महादेव अपोरिया, पियुश जेन आदि उपस्थित थे।

# सात मई को चौदह श्रेणियों में दिये जायेंगे देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान

ग्वालियर। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के तत्वाधान में आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन 7 मई रविवार को




दोपहर दो बजे से बाल भवन सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस वर्ष सम्मान समारोह में आंचलिक एवं प्रादेशिक श्रेणी को भी जोडा गया है। उक्त जानकारी आज पत्रकारो को देते हुये मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष दीपक सचेती, कार्यक्रम संयोजक रालीव अग्रवाल, सह संयोजक रवि उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में राष्टीय अस्मिता एवं पत्रकारिता विषय पर एक संगोष्ठी भी होगी जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं अंतर्राष्टीय अध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती रविन्द्र शुक्ल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिमोहन शर्मा मौजूद रहेंगे जबकि अध्यक्षता मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष दीपक सचेती करेंगे।

मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास अध्यक्ष दीपक सचेती ने बताया कि यह सम्मान पिछले 17 वर्षो से नारद जयंती पर जन कल्याणकारी, समाजोन्मुखी पत्रकारिता को बढावा देने तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसी श्रेष्ठ जीवन शैली को अंगीकार करने वाले पत्रकारों को दिया जाता है। इसमें वृद्धि

## समारोह बालभवन में होगा

कर आंचलिक एवं प्रादेशिक स्तर के पत्रकारों को भी जोडा गया है। सम्मानित करने वाले पत्रकारों के चयन के लिए वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन श्रेणियों में सम्मान दिया जायेगा उनमें श्रेष्ठ प्रवासी पत्रकार सम्मान, श्रेष्ठ पत्रकारिता सम्मान, श्रेष्ठ संवाददाता सम्मान, श्रेष्ठ महिला पत्रकार सम्मान, श्रेष्ठ सांध्य दैनिक सम्मान, इलेक्ट्रोनिक मीडिया सम्मान, एफएम सम्मान, आंचलिक पत्रकारिता सम्मान, श्रेष्ठ लघु समाचार पत्र सम्मान, श्रेष्ठ छायाकार सम्मान, पत्रकारिता शिक्षक सम्मान, वेब पोर्टल-डिजिटल मीडिया सम्मान, नागरिक पत्रकारिता सम्मान, नवोदित पत्रकार सम्मान प्रमुख हैं। पत्रकार वार्ता में आरएसएस के प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ. निशांत शर्मा, दिनेश चाकणकर, प्रवीण दुबे, राजेश जायसवाल छोटू आदि मौजूद रहे।

# खजुराहो में देशी विदेशी गौतम बुद्ध प्रेमियों ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा



कार्यक्रम मे सर्वप्रथम बुद्ध भगवान का अभिषेक एवं पुष्पांजलि पूजन किया गया। इटली एवं रशिया की प्रसिद्ध क्लासिकल संगीत की गायिका वेलन्तिना वर सचावस्काया ने अपने उद्बोधन मे बताया कि मेने भगवान बुद्ध के जीवन का दर्शन भगवान रजनीश ओशो की किताबों के द्वारा पाया है। तथा बुद्ध पूर्णिमा के दिन विश्व के सभी देशों में भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव आध्यात्मिक पर्व के रूप मे मनाया जाता है। श्री मतँगेश्वर सेवा समिति के पंडित सुधीर शर्मा ने भगवान विष्णु के नोवे अवतार भगवान बुद्ध के आध्यत्मिक जीवन में खजुराहो, सलेहा तथा बुंदेलखंड की पवित्र केन नदी के संबंधों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1835 में ब्रिटिश शोधक एलेग्जेंडर कनिंघम ने सर्व प्रथम खजुराहो के घंटाई मंदिर की खोज की थी। जिसके नजदीक बुद्ध भगवान की विशाल प्रतिमा मिली थी जो की आर्कलॉजिकल म्यूजियम के विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसके पश्चात 1838 में ब्रिटिश सैनिक मिस्टर वर्ट ने खजुराहो के बाकी मंदिरों की पहचान विश्व पटल पर कराई। इन तथ्यों से यह सत्यापित होता है कि खजुराहो के चंदेलकालीन मंदिरों में सनातन धर्म की सभी प्राचीन पंत हिन्दू जैन और बुद्ध के आध्यत्मिक दर्शनों का संगम है। इस बौद्ध पूजन संगोष्ठी में वीरेंद्र सीगोत, हेमंत कारपेंटर, राज रैकवार, कार्तिक शिवहरे, शेजल सीगोत, महेंद्र अहिरवार, हग्गी कुशवाहा तथा स्कूली बच्चों एवं मतँगेश्वर बुंदेलखंड निधि बैंक, परिवर्तन हलह, के सदस्यों ने भाग लिया।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण किया जाए

ग्वालियर। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता एस के अंधवान द्वारा की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि मिशन के अंतर्गत एक वर्ष से अधिक लंबित योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही घरेलू नल कनेक्शन के लिये प्रतिमाह का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाए। बैठक में ग्वालियर परिक्षेत्र के प्रमुख अभियंता आर एल एस मौर्य, अधीक्षण यंत्री ग्वालियर एवं चंबल संभाग वी के छारी सहित ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ग्वालियर के तानसेन होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रमुख अभियंता अंधवान ने विशेष तौर पर कहा है कि किसी भी ग्राम की कोई भी डीपीआर लंबित नहीं रहना चाहिए। जल संरक्षण के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान कैच द रैन एवं अटल भूजल के लिये विशेष रूप से डीपीआर तैयार कर जल संरक्षण हेतु कदम उठाए जाएँ। इसके साथ ही पेयजल के स्त्रोतों का पुनर्भरण कार्य भी हाथ में लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि क्षेत्र में ट्यूबवेल स्त्रोत की विस्तृत समीक्षा की जाए और उसकी जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भी प्रेषित की जाए। बैठक में भोपाल से पधारे पीआईयू के स्टेट हैड पार्थ द्वारा हर घर जल एप के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने एप के माध्यम से किस प्रकार जानकारी तैयार की जाना है, उसके बारे में बताया। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन को कलेक्टर ने ग्रामों में भ्रमण कर देखा

ग्वालियर7 मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जिले में की जा रही कार्रवाई का कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार को डबरा एवं भितरवार क्षेत्र के ग्रामों में जाकर अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उनके साथ एसडीएम अश्विनी रावत व जनपद सीईओ कुलदीप श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ग्राम मऊछ पहुँचकर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत जिले में 5 मई से 12 मई तक आयोजित किए जा रहे शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में आए हितग्राहियों से भी चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश भर



में 10 मई से 25 मई तक मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत चिन्हित योजनाओं के साथ-साथ अन्य योजनाओं के भी पात्र हितग्राहियों को लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी अभियान के दौरान तत्परता से किया जायेगा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने इसके पश्चात ग्राम बनवार, पुरा बनवार, पिपरोली और चीनौर पहुँचकर भी शिविरों का अवलोकन किया। इसके साथ ही विकास कार्यों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के पंजीयन के पश्चात आवेदन पत्रों के स्कूटनी के कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि योजना के तहत जो आवेदन पत्र आए हैं उनमें संवेदनशीलता के साथ परीक्षण किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर सिंह ने चीनौर से भितरवार के लिये बनाए जा रहे नवीन मार्ग निर्माण का भी अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से चर्चा कर निर्माण कार्य तेजी के साथ और गुणवत्ता से पूर्ण करने के दिशा-निर्देश भी दिए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478